● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 177, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 07 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

सुको में सिसोदिया ने कहा-17 महीने से बंद हूँ 4

एथलीटों का शरीर तोड़ रहा ओलंपिक 6

बांग्लादेश से भागीं शेख हसीना अभी भारत में ही रहेंगी

दावा- अमेरिकी वीजा रद्द, ब्रिटेन में पनाह की उम्मीद नहीं, सेफ हाउस भेजी गईं

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना कुछ दिनों तक भारत में ही रह सकती हैं। उनकी ब्रिटेन में पनाह मिलने की उम्मीद टूटती दिख रही हैं। वहां की सरकार ने ऐसे संकेत दिए हैं कि ब्रिटेन पहुंचने पर उनके खिलाफ बांग्लादेश के प्रदर्शनों के चलते कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक फिलहाल शेख हसीना को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका ने शेख हसीना का वीजा रद्द कर दिया है।

दूसरी तरफ बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भंग कर दी है। देश की पूर्व पीएम खालिदा जिया को भी रिहा कर दिया गया है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक संसद भंग करने का अल्टीमेटम दिया था।

बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ 2 महीने से जारी प्रदर्शन में सोमवार को जमकर हिंसा हुई थी। इसके बाद वे पद से इस्तीफा देकर भारत पहुंची थीं। हिंडन एयरबेस पर एनएसए अजित डोभाल ने उनसे करीब एक घंटे बातचीत की थी।

इधर, भारत में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, शेख हसीना सदमे में हैं। सरकार बात करने से पहले उन्हें कुछ समय दे रही है। वे भविष्य को लेकर खुद फैसला लेंगी। कयास हैं कि वे लंदन या फिनलैंड जा सकती हैं। राष्ट्रपति ने जेल में बंद पूर्व पीएम और विपक्षी

नेता खालिदा जिया को रिहा करने का आदेश दिया। उन्हें 2018 में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में 17 साल की सजा सुनाई गई थी। प्रदर्शनकारी सोमवार को प्रधानमंत्री आवास में दाखिल हुए। तोड़फोड़ और आगजनी की। राजधानी ढाका में सोमवार को 4 लाख लोग सड़कों पर उतर आए, जगह-जगह तोड़फोड़ की। पुलिस-प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में सोमवार को 6 लोग मारे गए। प्रदर्शनकारियों ने 2 हाईवे पर कब्जा किया। अब तक 300 लोगों की जान गई है। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। भारत में बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल, मेघालय, त्रिपुरा, असम और मिजोरम से लगी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अलर्ट बढ़ाया। बांग्लादेश की आर्मी ने देश की प्रमुख पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की। 18 सदस्यीय अंतरिम सरकार प्रस्तावित की गई। भारत ने बांग्लादेश जाने वाली सभी ट्रेनें रद्द कीं। एअर इंडिया और इंडिगो ने ढाका जाने वाली रेगुलर फ्लाइट्स कैंसिल कीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार शाम पीएम मोदी को हालात का अपडेट दिया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी विदेश मंत्री से मुलाकात की। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों के 13 नेता राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए बांग्लादेश के राष्ट्रपति भवन बंगभवन पहुंचे हैं। यहां वे तीनों सेनाओं के चीफ से मुलाकात अंतरिम सरकार के गठन को लेकर बात करेंगे।

शेख हसीना के खिलाफ प्रदर्शन सिर्फ बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रदर्शनकारी न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावास में घुस गए और वहां संस्थापक मूजीबुर्रहमान की तस्वीरों के साथ तोड़-फोड़ की।

पैरामिलिट्री फोर्स बांग्लादेश अंसार को हजरत शाहजलाल इंटकनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही वे देश में सभी पुलिस स्टेशनों की सुरक्षा के लिए भी जिम्मेदार होंगे।

प्रकृति से जो पाया है उसे लौटाने का प्रयास है पौध-रोपण : डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पौध-रोपण के लिए आरंभ किया गया, एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और वसुंधरा को संवारने के उनके मन के भाव और संकल्प का प्रकटिकरण है। पौध-रोपण का यह अभियान, परमात्मा से प्रकृति के रूप में जो हमें प्राप्त हुआ है, उसे वापस लौटाने का एक प्रयास भी है। विकास के क्रम में हुए प्रकृति के क्षरण की प्रतिपूर्ति करने और संतुलन बनाए रखने में भी पौध-रोपण से मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौध-रोपण के एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत ऊर्जा विभाग के गोविंदपुरा स्थित निष्ठा परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परिसर में आंवले का पौधा भी लगाया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मालती

राय तथा अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति मातृ-सत्ता की उपासक है और पौध-रोपण अभियान को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने माँ का नाम देकर प्रत्येक व्यक्ति को अभियान से आत्मीय रूप से जोड़ा है। माँ के नाम से अथवा उनकी स्मृति में पौधा लगाना इस बात का भी प्रतीक है कि हमने जो प्रकृति से पाया है, उसे लौटाने का भी हमारे मन में भाव हैं। भारतीय संस्कृति वृक्षों को बहुत महत्व प्रदान करती है, ब्रह्म पुराण में एक वृक्ष को दस पुत्रों के बराबर मानना इस बात का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर ऊर्जा विभाग द्वारा जारी (बालक-विद्युत और बालिका-बिजली) शुभंकर का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर वृक्ष स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

मुस्लिम लड़कियों की शादी की उम्र पर बाल-आयोग सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

दलील- 15 साल में शादी बाल विवाह कानून के खिलाफ, हाईकोर्ट ने इसकी इजाजत दी थी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बाल आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है, जिसमें पूछा गया है कि क्या बाल विवाह की अनुमति देने वाले मुस्लिम पर्सनल लॉ से बाल विवाह रोकने वाले कानून का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई के लिए तैयार हो गया है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस मामले की जल्द से जल्द सुनवाई

की जाए क्योंकि अलग-अलग हाईकोर्ट्स इस मामले में अलग-अलग फैसले सुना रहे हैं। इस पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि उन्हें इस मामले का निपटारा करना है, इसलिए इसे सुनवाई के लिए जल्द लिस्ट करेंगे।

पिछले साल जून में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ में दिए शादी के प्रावधान का हवाला देते हुए आदेश दिया था कि मुस्लिम लड़की जब प्युबर्टी से गुजर जाती है (युवा हो जाती है) तो उसे मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत अपनी पसंद के किसी व्यक्ति से शादी करने की अनुमति है। यह उम्र 15 साल तय की गई है।

वायनाड लैंडस्लाइड, मौत का आंकड़ा 402 पहुंचा

वायनाड। केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 402 हो गई हैं। इनमें से 181 लोगों के शरीर के सिर्फ टुकड़े ही मिले हैं। 180 लोग अब भी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन का आज (6 अगस्त) 8वां दिन है।

रेस्क्यू टीम आज सोचीपारा के सनराइज वैली इलाके में तलाशी की जाएगी। यह एक ऐसा दुर्गम क्षेत्र है, जहां अब तक रेस्क्यू का काम नहीं हुआ था। वायुसेना के हेलिकॉप्टर से एक टीम यहां पहुंचेगी।

महाराष्ट्र में कांग्रेस 5 विधायकों का टिकट काटेगी

विधान परिषद चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी, सीट बंटवारे पर आज एमव्हीए की मीटिंग

मुंबई। महाराष्ट्र में विधान परिषद के चुनाव में क्रांस वोटिंग करने वाले कांग्रेस के 5 विधायकों का विधानसभा चुनाव में टिकट काटेगा। सूत्रों के अनुसार इनके बदले पार्टी नए चेहरों को मौका देगी। हालांकि कांग्रेस की ओर से इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

सूत्रों के अनुसार टिकट कटने वाले विधायकों में सुलभा खोडके, जीशान सिद्दीकी, हीरामन खोसकर, जितेश अंतापूरकर, मोहन हंबर्डे शामिल हैं। महाराष्ट्र में विधान परिषद के चुनाव में कांग्रेस के 7

से 8 विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर सामने आई थी।

यह खबर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी की बैठक से एक दिन पहले आई है। 7 अगस्त को सीट शेयरिंग का फॉर्मूला और अन्य पहलुओं पर एमव्हीए की बैठक होनी है। अक्टूबर महीने में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य में विधानसभा की 288 सीटें हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना , कांग्रेस और एनसीपीमहाविकास अघाड़ी गठबंधन में है।

12 जुलाई को हुए महाराष्ट्र में विधान परिषद के चुनाव में एनडीए गठबंधन ने 11 में से 9 सीटें जीती। वहीं इंडिया गठबंधन के तीन प्रत्याशी खड़े थे, जिनमें 2 ही जीत सके। चुनाव में कांग्रेस के 7 से 8 विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर सामने आई थी।

उत्तर भारत में यात्रा के लिए सुविधाओं से भरी है वंदे भारत ट्रेन

नई दिल्ली। वंदे भारत ट्रेन भारत की सेमी हाई स्पीड ट्रेन है। देश के 40 रूट्स पर इस ट्रेन का संचालन किया जाता है। उत्तर भारत में भी करीब 10 रूट पर इस ट्रेन का संचालन किया जाता है। यहां आपको बताते हैं, उत्तर भारत में किन रूट्स पर ये ट्रेन चलाई जा रही है और इसका टाइमिंग क्या है। गोरखपुर से यह ट्रेन सुबह 6.05 बजे रवाना होती है और 10.20 बजे लखनऊ पहुंचती है। यह बस्ती, अयोध्या जंक्शन और प्रयागराज से गुजरती है।

कांग्रेस के टॉप लीडर्स की बैठक शुरू

सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम कोर्ट कोटे में कोटा के फैसले पर चर्चा होगी

नई दिल्ली। एससी/एसटी केटेगरी में क्रीमी लेयर को आरक्षण से बाहर करने के सुप्रीम कोर्ट के बयान पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस के टॉप लीडर्स की बैठक शाम 6:30 बजे शुरू हुआ।

यह बैठक कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हो रही है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीति शुरू हो गई थी। अब इस पर आगे की रणनीति और रुख पर चर्चा करने के लिए बैठक की जा रही है। इस बैठक में पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजिशन राहुल गांधी, सांसद केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (1 अगस्त) को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटा दिया था। इस दौरान कोर्ट ने कहा था कि अनुसूचित जातियां खुद में एक समूह हैं, इसमें शामिल जातियों के आधार पर और बंटवारा नहीं किया जा सकता।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले हुए : जयशंकर

यह चिंता की बात, हम ढाका प्रशासन के संपर्क में, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा

नई दिल्ली। बांग्लादेश के ताजा हालात पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में बयान दिया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। वहां के हालात पर भारत सरकार की नजर है।

जयशंकर ने आगे कहा कि बांग्लादेश में लोग सड़कों पर हैं। वहां हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। यह चिंता की बात है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर भी हमला किया, जिसके बाद हालात बिगड़े। उन्होंने यह भी बताया कि

इस्तीफे के बाद शेख हसीना ने भारत आने की इजाजत मांगी थी। इसके बाद भारत सरकार ने उनके आने की व्यवस्था की।

विदेश मंत्री ने आगे कहा कि भारत सरकार बंग्लादेश में अपने नागरिकों के संपर्क में है। इस वक्त वहां करीब 19 हजार भारतीय मौजूद हैं, जिनमें से 9000 छात्र हैं। वहां अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में जो भी सरकार बने उनसे मांग है कि भारत के हाई कमीशन की सुरक्षा की जाए।

ढाका के इंडियन हाई कमिश्नर और चिटगांव के एसोसिएट हाई कमिश्नर हमें लगातार रिपोर्ट भेज रहे हैं। हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बीते 24 घंटे के दौरान वहां काफी कुछ बदल गया है। यह बहुत ही संवेदनशील मसला है। हम सदन से इस मसले पर सहयोग चाहते हैं। बांग्लादेश हमारे बहुत करीब है। जनवरी से ही वहां टेंशन है। बांग्लादेश में हिंसा जून जुलाई में हुई। हम वहां की राजनीतिक पार्टियों के संपर्क में थे। सबसे ज्यादा वहां अल्पसंख्यकों पर हमले चिंता के विषय है। शेख हसीना फिलहाल के लिए भारत में हैं। हम भारतीय कम्युनिटी के टच में है। कई स्टूडेंट लौटे हैं। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा मुहैया करवाएंगे। केंद्र सरकार ने मंगलवार (6 अगस्त) को संसद भवन में सर्वदलीय बैठक की।

लालकृष्ण आडवाणी अपोलो अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी (96) की तबीयत मंगलवार को एक बार फिर खराब हो गई। उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ विनीत सूरी की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

इससे पहले 26 जून को एम्स दिल्ली में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में उनका एक छोटा ऑपरेशन हुआ था। अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। करीब एक हफ्ते बाद रात में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अपोलो में भर्ती कराया गया था। हालांकि एक दिन बाद ही वे घर आ गए थे। लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। इससे पहले 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

इंदौर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार गिरावट

इंदौर। सात महीने के निचले स्तर पर पहुंचा डालर फिर से उछला। देशी और विदेशी शेयर बाजार भी एक दिन पहले की गिरावट को पीछे छोड़ मंगलवार को तेजी के साथ खुले। इससे बुलियन मार्केट में जोरदार गिरावट देखने को मिली। मंगलवार को कीमेक्स पर सोना 40 डीलर टूटकर 2418 डीलर प्रति औंस और चांदी वायदा 111 सेंट घटकर 27.56 डीलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।

इसके चलते भारतीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार गिरावट दर्ज की गई। सोना केडबरी नकद में 400 रुपये घटकर 71300 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा नकद में 1500 रुपये टूटकर 81100 रुपये प्रति किलो रह गई।

राजस्थान में बांध के पानी में बस बही, हिमाचल में 87 सड़कें ब्लॉक

नई दिल्ली। देश के सभी हिस्सों में मानसून जमकर सक्रिय है। राजस्थान के टोंक में टोरडी सागर डैम ओवरफ्लो होने से मंगलवार (6 अगस्त) सुबह एक बस बांध के तेज बहाव में बह गई। ड्राइवर लापता है। बस में यात्री नहीं थे। जैसलमेर में सोनार फोर्ट की एक दीवार ढह गई। 7 जिलों में आज स्कूल बंद हैं। पिछले 36 घंटे में 11 लोगों की मौत हुई है।

हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड और बाढ़ के कारण 87 सड़कें बंद हैं। राज्य में 6,7 और 8 अगस्त को भारी बारिश का अलर्ट है। शिमला के रामपुर के पास समेज गांव में रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन जारी है। 31 जुलाई को कुल्लू, मंडी और शिमला में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हुई थी। 40 लोग लापता हैं। आईएमडी ने आज 20 राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई है। छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में यलो अलर्ट है।

भारी बारिश के कारण लैंड स्लाइड और बाढ़ प्रभावित 17 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। इनमें केदारनाथ यात्रा में फंसे तीर्थयात्री भी शामिल हैं। अब प्रभावित इलाकों में क्षतिग्रस्त पुल, बिजली के खंबे और कम्युनिकेशन लाइनों को ठीक करने का काम जारी है। अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, इनमें 2 की मौत यात्रा मार्ग पर हुई है।

भाजपा का 11 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान

14 अगस्त को मनाएंगे विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक मे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान स्वतंत्रता दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, क्रांतिकारियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण होंगे और एमपी के एक करोड़ घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। इसमे 50 लाख तिरंगे भाजपा उपलब्ध कराएगी।

बैठक के बाद वीडी शर्मा ने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान में 64523 बूथों पर शुरू कर रहे हैं। प्रदेश के 1.5 करोड़ घरों में तिरंगा पहुंचाने की तैयारी की है। हर घर हर व्यक्ति को तिरंगा उपलब्ध हो

इसके लिए भी व्यवस्था की है। हर बूथ और मंडल पर तिरंगा बीजेपी के कार्यकर्ता पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के साथ युद्ध स्मारकों पर पुष्पांजलि और विभाजन विभीषिका के कार्यक्रम होंगे। हर जिले में विभाजन विभीषिका के कार्यक्रम होंगे। युवा मोर्चा 11,12 और 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालेगा। 12,13,14 अगस्त को युद्ध स्मारकों पर श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि कार्यक्रम होंगे।

14 अगस्त को सभी जिलों में भारत विभाजन विभीषिका दिवस है। बीडी शर्मा ने कहा कि 14 अगस्त को युवाओं को विभाजन की विभाषिका को याद दिलाने के लिए प्रदर्शनी और जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे। इसमे सेल्फी विथ तिरंगा कार्यक्रम भी सोशल मीडिया पर चलाया जायेगा। बीडी शर्मा ने कहा कि अभियान के लिए मंडल की अभियान समितियों का गठन किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर 5 सदस्यीय अभियान समिति बनाई गई है। 7 और 8 अगस्त को जिलों में अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे। मंडलों की बैठक 9 और 10 अगस्त को करना है।

14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस मनाया जाएगा। नव जवानों को यह बताना है कि 14 अगस्त को क्या हुआ था। जिलों में प्रदर्शनी लगेगी और गोष्ठी होगी, जहां विभाजन के बारे में बताया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व है। इस पर्व के अवसर पर पार्टी का प्रदेशभर में घर घर पर तिरंगा अभियान के कार्यक्रम में सरकार सहयोग करेंगे।

पहली बार 55 जिलों में पुलिस बैंड उपलब्ध कराए गए हैं। नगर स्थापना नगरी प्रशासन विभाग पंचायत स्तर पर पंचायत विभाग स्कूल शिक्षा उच्च शिक्षा और संस्कृति विभाग कार्यक्रम करेंगे।

द सिंगरौली इंस्टीट्यूट कर रहा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़

जनसुनवाई में कलेक्टर से हुई शिकायत, नर्सिंग कॉलेज में 75 विद्यार्थियों ने लिया एडमीशन

एक साल पहले लिया एडमिशन, एग्जाम का अता-पता नहीं

सिंगरौली। गरीब छात्र-छात्राओं का न केवल पैसे लूटे गए बल्कि एक साल का समय भी बर्बाद हो गया। विद्यार्थियों को जब लगा कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है तो वह जनसुनवाई में कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाने के लिए पहुंचें। बच्चों के साथ हुई धोखाधड़ी को सुनकर कलेक्टर के पैरों तले जमीन खिसक गई उन्होंने एक टीम गठित कर अब इस मामले की जांच करने की बात कही साथ ही जिम्मेदारों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की भी बात कही है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान द सिंगरौली इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज बनौली विन्ध्यनगर में वर्ष 2023-24 में लगभग 75 छात्र-छात्राओं ने जीएनएम में प्रवेश लिया. कॉलेज प्रबंधक ने बच्चों से सारे ओरिजनल डॉक्यूमेंट और 65000 फीस जमा करवाई. लेकिन, एक साल बीतने के बाद भी विद्यार्थियों के ना तो नामांकन दाखिल हुए और ना ही एग्जाम हुए.आखिरकार परेशान विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई हैं और अपने जमा किए हुए पैसे वापस करने की मांग की हैं। छात्रों ने आरोप लगाया कि हम 2023 के छात्र छात्र है बावजूद इसके अब कॉलेज के द्वारा कहा जा रहा है कि अब एंट्रेंस एग्जाम पास करने के बाद ही जीएनएम नर्सिंग में एडमिशन मिलेगा. वरना सभी छात्रों को कॉलेज से निकाल दिया जाएगा। वहीं विद्यार्थी जब भी परीक्षा की बात करते तो जिम्मेदार उन्हें आश्वासन देते कि जल्दी उनकी परीक्षा होगी लेकिन दी हुई कई तारीखे निकल गई लेकिन परीक्षा नहीं हुई। ऐसे में विद्यार्थियों को लगने लगा कि कॉलेज प्रबंधन उन्हें गुमराह कर रहा है। परेशान होकर विद्यार्थियों ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाईं हैं। बताया जाता है कि कॉलेज के पास लेबोरेटरी जरूरी उपकरण और स्टाफ जैसी कोई सुविधा नहीं है। एक साल में नाम मात्र की क्लास लगी। क्लीनिकल प्रशिक्षण में क्या होता है यह बच्चों को पता नहीं है।

प्रबंधन पर होगा आपराधिक मामला दर्ज

विद्यार्थियों के शिकायत के बाद कलेक्टर ने दो सदस्य एक टीम गठित कर इस मामले की जांच करवाने की बात कही है साथ ही उन्होंने अपनी मनसा स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ ज़्यादती किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच के बाद जिम्मेदारों पर भारतीय न्याय संहिता की धारों पर आपराधिक मामला दर्ज होगा।

नर्सिंग कॉलेज घोटाला आया सामने

बताया जा रहा है कि जीएनएम कोर्स में 75 छत्र-छात्राओं ने दाखिला लिया था। कॉलेज प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों से 65000 वसूले थे। बाकी स्कॉलर आने पर जमा करने की बात थी. छात्रों ने बताया कि एक से दो शिक्षकों के भरोसे पूरा कॉलेज चला है. पढ़ाने वाले दो शिक्षक हैं, सूत्रों का दावा है कि जो शिक्षक अध्यापन का काम कर रहे थे वह भी शासन की गाइडलाइन के अनुरूप नहीं है. वहीं आए दिन कॉलेज में बेवजह छुट्टियां लगा दी जाती हैं।

सरई के धामड़ नदी में 10 वर्षीय बच्ची डूबी, एसडीआरएफ टीम ने नदी से निकाला शव

देवसर विधायक ने सहायता राशि करायी उपलब्ध, हर सम्भव मदद की दी सांत्वना

सिंगरौली। जिले देवसर विधानसभा अंतर्गत थाना सरई थाना के अंतर्गत धामड़ नदी जो जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर में स्थित है एक 10 वर्षीय बच्ची खेलते समय नदी के पानी मे डूबने से मृत्यु हो गयी। वही नाम मृतक प्रियंका अगरिया पिता बुद्ध अगरिया उम्र लगभग 10 वर्ष ग्राम अंधेरिया ग्राम पंचायत कठदहा पोस्ट पुरैल थाना सरई की निवासी थी सरई एसडीएम के द्वारा सूचना पर कंट्रोल रूम से गई एसडीईआरएफ टीम होमगार्ड ने पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मृतक को नदी से बाहर शव को निकाला गया और सरई पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर मृतक को पोस्टमार्टम के लिये सरई अस्पताल के पीएम हाउस भेजा गया है जहाँ पर पोस्टमार्टम के पश्चात शव का अंतिम संस्कार हेतु परिजनो को सौंपा गया और देवसर विधायक श्री मेश्राम ने कहा कि इन दिनो भारी बरसात के चलते नदी नाले सभी ऊफान पर चल रहे है सभी परिजन बच्चो को नदी नाले के पास जाने से जरूर रोके ।वही देवसर विधायक श्री मेश्राम ने परिजनो को सहायता राशि वगैरह उपलब्ध करायी गयी और साथ ही इस प्रकार की घटना में परिजनो के बीच अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम करवाया और उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना में मैं पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।उक्त घटना में सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, होमगार्ड एसडीईआरएफ के जवान सहित कमानडेंट दलवीर प्रसाद विश्वकर्मा साहित ग्रामीण व परिजन जन उपस्थित रहे ।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

प्रत्येक फरियादी की सुनी समस्या,थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को कार्यवाही के दिये निर्देश

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, उप निरीक्षक श्रीमती प्रियंका शर्मा महिला थाना प्रभारी, उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय चौकी प्रभारी जयंत एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई श्रीमती निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने हेतु उप निरीक्षक श्रीमती प्रियंका शर्मा महिला थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारी-कर्मचारीयों से शिकायतो की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए बायोमैट्रिक मशीन उपलब्ध कराये

कलेक्टर ने व्हीसी के माध्यम से की राजस्व महाअभियान की समीक्षा

सिंगरौली। जिले में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों की नियमित सुनवाई करें तथा सभी प्रकरणों में तारीख तथा पेशी की तारीख अनिवार्य रूप से दर्ज करें और प्रकरण की समाप्ति के उपरांत भी उसका अभिलेखीकरण करायें। उन्होंने अभिलेख सुधार के प्रकरणों को आरसीएमएस में दर्ज कर पेशी में लेने तथा अंतिम निर्णय उपरांत खात्मा लगाते हुए एक सप्ताह में दर्ज किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि तहसीलदार अविवादित नामांतरण के प्रकरणों को निराकृत करायें। कलेक्टर ने राजस्वा महाअभियान 2.0 की समीक्षा के दौरान आरसीएमएस नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्तीस (समय सीमा पार) तथा नक्शा तरमीम, समग्र से आधार लिंकिंग एवं आधार को खसरा नंबर से जोड़ना (ई-केवायसी) के संबंध में तहसील वार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी में तेजी लाने की आवश्यकता है। ग्रामवार सूची बनाकर रोजगार सहायकों के मध्यम से ई केवाईसी के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिए की पंचायत मद से अपने अपने क्षेत्रों के पटवारियों , सचिवों को बायोमेट्रिक मशीन उपलब्ध करवाए ताकि दूरदराज एवं आदिवासी क्षेत्रों में ई केवाईसी के कामों को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत चिन्हित बिंदुओ नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्सा तरमीम, ई केवायसी तथा भू अभिलेख में सुधार के कार्य में तेजी लाई जाए। सभी राजस्व अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रो में शिविर लगाएं तथा विभाग के मैदानी अमले के माध्यम से शत प्रतिशत राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं। इस दौरान जो भी आवेदन प्राप्त होते है उन्हें आर सी एम एस में दर्ज किया जाए तथा उनका भी निराकरण सुनिश्चित किया जाए । बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा सहित अन्य राजस्व अधिकारी व्हीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

प्रमुख सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिया साइबर तहसील का प्रशिक्षण

सिंगरौली। प्रमुख सचिव राजस्व निकुंज श्रीवास्तव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से साइबर तहसील-2 के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रमुख सचिव ने कहा कि पूरे प्रदेश में साइबर तहसील व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसमें अविवादित नामांतरण के प्रकरण 20 दिनों में निराकृत हो रहे हैं। जमीन का बंटवारा होने के बाद समस्त कार्यवाहियाँ ऑनलाइन पूरी की जा रही हैं। पक्षकारों को मोबाइल नम्बर तथा ईमेल के माध्यम से कार्यवाही की जानकारी दी जा रही है। प्रकरण के संबंध में ई माध्यम से ही पक्षकार आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। पटवारी सारा पोर्टल में वेबजीईएस से ड्राफ्ट नक्शे तैयार कर ऑनलाइन नामांतरण के प्रतिवेदन दे रहे हैं। इसमें यदि नक्शे में बटांकन करना है तो सभी पक्षकारों की सहमति होना आवश्यक है। बंटवारा और नामांतरण होने के साथ ही साइबर तहसील के माध्यम से आदेश का अमल हो जाएगा। इसके लिए पृथक से प्रकरण तैयार करने और आदेश की आवश्यकता नहीं होगी। प्रमुख सचिव ने कहा कि साइबर तहसील के माध्यम से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तहसीलदार और पटवारी दोनों को बहुत सहूलियत होगी। राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि अभियान के दौरान बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। सभी कलेक्टर और एसडीएम तहसीलों का निरीक्षण करें। तहसीलों में ऑफलाइन दर्ज प्रकरणों को आरसीएमएस में दर्ज कराएं। रीडर की आईडी में दर्ज सभी प्रकरण कार्यवाही के लिए तहसीलदार की आईडी में भेजें। अब आरसीएमएस पोर्टल में प्रकरण रिजेक्ट करने का ऑप्शन नहीं रहेगा। सभी प्राप्त प्रकरण दर्ज होंगे। तहसीलदार सुनवाई के बाद प्रकरण रिजेक्ट कर सकेंगे। प्रमुख सचिव ने संपदा पोर्टल, डिजिटल सर्वे के लिए सर्वेयरों की नियुक्ति तथा रोजगार सहायकों से ई केवाईसी कराने के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर की जनसुनवाई में दिव्यांग को मिला व्हील चेयर

सिंगरौली। कलेक्टरेट में आयोजित जनसुनवाई के द्वारान दिव्यांग सुगिया देवी उम्र 74 वर्ष ग्राम भरूहा अमलोरी के द्वारा कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला के पास इस आशय का आवेदन दिया गया की में बुजुर्ग दिव्यांग हूं मुझे व्हील चेयर दिलाई जाए। कलेक्टर ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए जनसुनवाई में ही सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी अनुराग मोदी को निर्देश दिए गए की आवेदिका को व्हील चेयर प्रदान की जाए । निर्देश के परिपालन में संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा दिव्यांग को व्हील चेयर प्रदान किया गया ।

कलेक्टर ने की 125 आवेदन पत्रो पर जनसुनवाई

सिंगरौली। जिले के विभिन्न अंचलो से आयें 125 आवेदको ने जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुये अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर द्वारा सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता पूर्वक जन सुनवाई करते हुये कई आवेदको के समस्याओं का जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से निराकरण कराया गया। साथ ऐसे आवेदक जिनके आवेदनों का निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही किया जा सका संबंधित विभागीय अधिकारी को ओर भेजते हुये आवेदन पत्रो का तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान अपर अपर कलेक्टर अरविंद झा, पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री का स्वागत करने वाले स्थानीय कलाकरो को विधायक देवसर एवं कलेक्टर ने प्रोत्साहन राशि का चेक सौपा

सिंगरौली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जिलें में 1 अगस्त को चितरंगी प्रवास के दौरान आयोजित लाडली बहनों के लिए आभार सह उपहार कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के द्वारा गुदुम बाजा एवं कर्मा की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई थी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा स्थानीय कलाकारो के प्रोत्साहन हेतु प्रति कलाकार को स्वेच्छा अनुदान मद से 10 हजार रूपयें प्रदान किये जाने का निर्देश दिया गया था। उक्त के तारतम्य में आज कलेक्ट्रेट सभागार में देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम तथा कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा 27 स्थानीय कलाकारों को रूपयें 10 हजार के मान से कुल राशि 2 लाख 70 हजार का से चेक सौपा गया।प्रोत्साहन राशि का चेक प्राप्त करने वाले कलाकारो के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। इस अवसर पर महिला स्थानीय कलाकार लाडली बहनो के द्वारा विधायक एवं कलेक्टर को राखी बाधी गई।कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक एवं कलेक्टर के द्वारा कलाकार छोटू घसिया, तुलसी राम घसिया, प्रदेश घसिया, पाली घसिया, अरविन्दा घसिया, राम प्रसाद घसिया, अशोक घसिया, जैतलाल घसिया, देव लखन घसिया, गोपीचंद घसिया, राम बिलास घसिया, आकाश घसिया, विनय घसिया, बिक्रम घसिया, नगीना घसिया, श्रीमती घसिया,जयसिंह घसिया,मुन्नी घसिया,छोटनघसिया, दईया घसिया, रूली घसिया,नन्हकी घसिया, गीता घसिया, राहुल घसिया, गोरेलाल घसिया, लाखन सिंह,आषीश घसिया को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला खनिज अधिकारी ए.के राय, महिला बाल विकास अधिकारी राजेश गुप्ता सहित नीरज शर्मा,अमित राम आदि उपस्थित रहे।

प्रशासन एवं एनटीपीसी प्रबंधन के आश्वासन पर शिवसेना का धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त

शिवसेना प्रमुख रामदयाल पांडे द्वारा 15 दिन का दिया गया अल्टीमेटम

सिंगरौली। शिवसेना प्रमुख रामदयाल पांडे के नेतृत्व में भारी तादाद में शिव सैनिक एवं आमजन के द्वारा जनहित के मुद्दों को लेकर विंध्यनगर डिपो के पास एक दिवासीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया जहां 18 बिंदुओं पर आधारित ज्ञापन पत्र जिला प्रशासन एवं एनटीपीसी प्रबंधन शक्ति नगर एवं विंध्यनगर को सोपा गया,ज्ञापन पत्र के माध्यम से एनटीपीसी विंध्यानगर एवं एनटीपीसी शक्ति नगर से संबंधित समस्याओं का उल्लेख किया गया जहां एनटीपीसी विंध्यानगर एवं शक्ति नगर के द्वारा देश के अन्य प्रांतों हेतु फ्लाई एस का परिवहन वेध एवं अवैध ढंग से होने के साथ-साथ काफी असुरक्षित तरीके से किया जा रहा है इस अवैध और असुरक्षित परिवहन के कारण सड़क पर एवं आमजन काफी प्रभावित है इस पर रोक लगाने हेतु कार्यवाही करने साथ ही विंध्यनगर चौराहे से लेकर तेलगवा पुल तक एवं सेमरा बाबा से डिपो तक रोड चौड़ी करण, परियोजना प्रभावित एवं स्थानीय लोगों को परियोजना में नौकरी दिलाने विंध्यनगर सैलों एवं शाहपुर से निकलने वाली फ्लाई एस किसी भी दशा में खुले वाहनों से परिवहन न करने दिया जाए जिला कलेक्टर सिंगरौली के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने बाबत फ्लाई एस लोडिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग एवं सेफ्टी पेट्रोलर हेतु विस्थापित परिवारों के लोगों को ही दिया जाना सुनिश्चित किया जाए शक्ति नगर परियोजना में नई यूनिट का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें 70त विस्थापितों को रोजगार दिए जाने की मांग की गई सेमरा बाबा से डिपो तक और डिपो से जुवाडी मोड तक मनमानी तरीके से भारी वाहनों को रोड पर खड़ा न करने दिया जाए एनटीपीसी शक्ति नगर के द्वारा एस रख निस्तारण हेतु तेलगवा जुवाड़ी जयनगर आदि गांव से होकर शाहपुर तक पाइपलाइन निकाली गई है जो आए दिन फटते रहती है जिसे राख जमा होकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसका बिखराव हो जाता है उस पर तत्काल रोक लगाई जाए तेलगवा से शाहपुर कैनाल के एक साइड की दीवार को ऊंचा कर तार फिनिशिंग किया जाए एवं दूसरी और भी 5 फीट की दीवार बनाकर ऊपर तार लगाया जाए सेमरा बाबा की पुल जो क्षतिग्रस्त हो चुकी है उस पर भारी वाहनों पर रोक लगाने वार्ड 36 में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार सहित मुख्य मार्गों एवं कैनाल के किनारे कटीली झाड़ियां की कटाई कर वहां फलदार वृक्ष लगाने परिवहन करने वाले वाहनों का समय निर्धारित करने सहित अन्य कई प्रकार की जनहित मुद्दे यहां तक की 8 किलोमीटर की एरिया में एनटीपीसी के द्वारा निशुल्क बिजली प्रदान की जाए आवारा पशुओं हेतु एक गौशाला का निर्माण करने से लेकर एनटीपीसी में ठेकेदारों के द्वारा मनमानी तरीके से जिसको चाहे उसको काम से निकाल दिए जाने हेतु कर्मचारी को वापस रखा जाए इन सब मुद्दों को लेकर रामदयाल पांडे जिला प्रमुख शिवसेना के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने ज्ञापन सोपा जहां प्रशासन एवं एनटीपीसी प्रबंधन के लोगों ने आश्वासन दिया कि जल्द इस पर विचार कर कोई न कोई हल निकाला जाएगा तब जाकर शिव सैनिकों ने अपना एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन समाप्त किया वहीं जिला प्रमुख रामदयाल पांडे ने प्रशासन एवं एनटीपीसी प्रबंधन के लोगों को चेताया भी की एचएम नही देश की छती नही चाहते लेकिन ये हमारी जन सुरक्षा का मामला है यदि 15 दिवस के अंदर इन सब समस्याओं पर गौर नहीं फरमाया गया तो अगला पड़ाव बहुत भयानक होगा जहां शिवसेना उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन एवं एनटीपीसी प्रबंधन की होगी इस अवसर पर जिला प्रमुख रामदयाल पांडे उपाध्यक्ष राम लखन पांडे राधेश्याम कुशवाहा संदीप रवानी अमित पांडे धर्मेंद्र सिंह शशि देव पांडे सहित अन्य अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित आम जन भी उपस्थित रहे।

समस्याओं का समय-सीमा में करें गुणवत्तापूर्ण निराकरण : कलेक्टर

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 187 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

सीधी। जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 187 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें।

जनसुनवाई में अतिथि शिक्षकों के प्राप्त आवेदनों पर निर्णय लेने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

सर्वाधिक वर्षा कुसमी में, जिले में औसत वर्षा 570.1 मि.मी. दर्ज

सीधी। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 06 अगस्त को सीधी जिले में 1.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 0.0 मि.मी., सिहावल में 8.4 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 570.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 06 अगस्त तक तहसील कुसमी में सर्वाधिक वर्षा 730.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 669.2, चुरहट में 471.8, गोपद बनास में 518.0, सिहावल में 546.6, बहरी में 483.4 और मझौली में 572.0.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 462.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 107.8 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

रोजगार मेले में 25 युवाओं को मिला रोजगार

सीधी। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से सोमवार 05 अगस्त को जनपद पंचायत सीधी के सभागार में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले मे सीपीएफ (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स)कम्पनी के द्वारा सुपर वाइजर से लेकर सिक्योरिटी गार्ड तक के पदों पर बेरोजगार युवक एवं युवती की भर्ती की गयी। सीपीएफ कम्पनी द्वारा रोजगार मेले में 120 बेरोजगार युवाओं का पंजीयन किया गया। रोजगार मेले मे सीपीएफ कम्पनी की ओर से 20 युवक एवं 5 युवतियों को सिक्योरिटी गार्ड की पोस्टो की भर्ती की गयी जिनकी वेतन 18000 से 21000 रूपए है। चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। आजीविका मिशन विभाग से विकासखंड प्रबंधक अशोक पाण्डेय, मनोज मिश्रा, प्रशांत सिंह चौहान, अनामिका मिश्रा एवं सीपीएफ कंपनी की तरफ से नर्मदा पटेल एवं भारी संख्या में बेरोजगार युवक शामिल हुए।

नवोदय विद्यालय चुरहट में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

सीधी। प्रभारी प्राचार्य जनवि चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के कक्षा 6वीं में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16.09.2024 है। अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 01.05.2013 से 31.07.2015 के बीच होना चाहिए। अभ्यर्थी सीधी जिले का निवासी होना चाहिए एवं सीधी जिले में ही 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। पात्रता पूर्ण करने वाले अधिक से अधिक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करें।

व्यायाम शाला में विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

सीधी। नागपंचमी के पावन अवसर पर दिनांक 09 अगस्त 2024 को व्यायाम शाला अमहा में विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 03 बजे से सुनियोजित है। व्यायाम शाला अमहा सीधी मे 09 अगस्त 2024 की दोपहर 03 बजे आयोजित होने वाली प्रतियोगिता कार्यक्रम के आयोजक मंडल के संरक्षक एवं संयोजक दिलावर अली खान एवं अखाड़े के अध्यक्ष रनशेर अली खान (बाबू पहलवान) ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उक्त दंगल कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्रीमान् ज्ञान प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सीधी होगें। कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रीमती काजल वर्मा जी नगर पालिका अध्यक्ष एवं कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि बतौर माननीय आनन्द बहादुर सिंह जी पूर्व जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सीधी, एवं रूद्र प्रताप सिंह जी पूर्व जिला अध्यक्ष होगें। अखाड़े के अध्यक्ष रनशेर अली खान जी ने चर्चा के दौरान बताया कि सीधी जिले मे सन् 1971 से दंगल प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, जो कि अनवरत जारी है। जिसमे उस्ताजगुरू जी कुश्ती के जन्मदाता जनाब आशिक अली जी के शिष्य अखाड़े मे अपना दमखम दिखायेगें। वहीं देश के विभिन्न अंचलो से पहलवान आयेगें। जिसमे थापा पहलवान नेपाल, विक्की पहलवान पटियाला पंजाब, कलशपाल महिला पहलवान कानपुर उ0प्र0, पवन कुमार हरियाणा, दिलशेर पहलवान सहारनपुर, बबलू पहलवान मेरठ, मोंटी चौहान मेरठ, उपेन्द्र कुमार यादव बलिया, संजय गुप्ता महिला पहलवान कानपुर, हिंमाशू शिरसा एवं अन्य पहलवान अपनी-अपनी जोहर दिखायेगें। जिसमें अखाड़ा कमेटी के समस्त सदस्य जैसे जमुनादास जी मुनी, सुखलाल गुप्ता जी, शंकर गुप्ता जी, बांके अवधिया जी महामंत्री कांग्रेस कमेटी सीधी, असलम खेल प्रकोष्ट अध्यक्ष, भक्तराम नामदेव व्यवस्थापक, जुल्फकार अली खान कुश्ती कोच सीधी आदि।

प्रमुख सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिया साइबर तहसील का प्रशिक्षण

सीधी। प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से साइबर तहसील-2 के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रमुख सचिव ने कहा कि पूरे प्रदेश में साइबर तहसील व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसमें अविवादित नामांतरण के प्रकरण 20 दिनों में निराकृत हो रहे हैं। जमीन का बंटवारा होने के बाद समस्त कार्यवाहियाँ ऑनलाइन पूरी की जा रही हैं। पक्षकारों को मोबाइल नम्बर तथा ईमेल के माध्यम से कार्यवाही की जानकारी दी जा रही है। प्रकरण के संबंध में ई माध्यम से ही पक्षकार आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। पटवारी सारा पोर्टल में वेबजीईएस से ड्राफ्ट नक्शे तैयार कर ऑनलाइन नामांतरण के प्रतिवेदन दे रहे हैं। इसमें यदि नक्शे में बटांकन करना है तो सभी पक्षकारों की सहमति होना आवश्यक है। बंटवारा और नामांतरण होने के साथ ही साइबर तहसील के माध्यम से आदेश का अमल हो जाएगा। इसके लिए पृथक से प्रकरण तैयार करने और आदेश की आवश्यकता नहीं होगी।

प्रमुख सचिव ने कहा कि साइबर तहसील के माध्यम से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तहसीलदार और पटवारी दोनों को बहुत सहूलियत होगी। राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि अभियान के दौरान बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। सभी कलेक्टर और एसडीएम तहसीलों का निरीक्षण करें। तहसीलों में ऑफलाइन दर्ज प्रकरणों को आरसीएमएस में दर्ज कराएं। रीडर की आईडी में दर्ज सभी प्रकरण कार्यवाही के लिए तहसीलदार की आईडी में भेजें। अब आरसीएमएस पोर्टल में प्रकरण रिजेक्ट करने का ऑप्शन नहीं रहेगा। सभी प्राप्त प्रकरण दर्ज होंगे। तहसीलदार सुनवाई के बाद प्रकरण रिजेक्ट कर सकेंगे। प्रमुख सचिव ने संपदा पोर्टल, डिजिटल सर्वे के लिए सर्वेयरों की नियुक्ति तथा रोजगार सहायकों से ई केवाईसी कराने के संबंध में भी निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा तथा अन्य राजस्व अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत ने किया वृक्षारोपण

एक पेड़ मां के नाम अभियान को घर घर.घर पहुंचाने की जरूरत : सांसद

सीधी। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत के प्रदेश एवं जिले के सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम प्रांगण में बृक्षारोंपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश मिश्रा सांसद, अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती सुजाता मिश्रा, प्रदेश कार्य समिति पूर्व सदस्य आशुतोष गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रमोद कुमार मिश्र, डॉ.पी.के सिंह प्राचार्य, श्रीमती निशा मिश्रा उपाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद, विद्याकांत मिश्रा सचिव ने वृक्षारोपण कर अन्य लोगों को इस दिशा में प्रेरित किया है। डॉ राजेश मिश्रा ने बृक्षारोपण कर अपने उद्बोधन में कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को घर घर.घर पहुंचाने की आवश्यकता है, वृक्षारोपण के साथ.साथ वृक्षों के संरक्षण की विशेष आवश्यकता है। डॉ पी के सिंह पर्यावरण बचाने का मतलब जीवन बचाना है समझाया। आशुतोष गुप्ता ने औषधिय पौधों के महत्व को समझाया। प्रमोद कुमार मिश्रा ने एक पेड़ सेहत के नाम अभियान को आगे बढ़ाने की बात करते हुए बतायें की यदि आप शहरी परिवेश में रहते हैं और बृक्षारोंपण हेतु आपके पास भूमि का अभाव है तो ऐसे में घर की छत, द्वार एवं अन्य स्थलों पर भी नवीन पद्धति के द्वारा पौध रोंपण कर सकते हैं। श्रीमती सुजाता मिश्रा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इंजी अरुण कुमार द्विवेदी आर ई एस एवं इंजी अशोक कुमार मिश्रा नगर पालिका की

फलदार, छायादार एवं औषधि पौधों के रोपण एवं वितरण में विशेष भूमिका अदा की।

बृक्षारोपण कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के सदस्य यज्ञ प्रकाश तिवारी, बीके शुक्ला एवं वरिष्ठ समाजसेवी सरोज शर्मा, डॉ एम पी गौतम, श्रीमती गायत्री सिंह, श्रीमती कल्पना सिंह, श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, दिलीप त्रिपाठी जिला योग समिति अध्यक्ष, श्रीमती आराधना सिंह, हर विलास गुप्ता, कुं शुभी तिवारी, डी के मिश्रा, राजेश कुमार शुक्ल, संतोष सिंह, रिश्ता गुप्ता, कामता सिंह एवं कई पर्यावरण प्रेमियों ने कार्यक्रम में अपनी हिस्सेदारी निभायी।

भारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षणार्थी ने सीखा हाइक

सीधी। भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में चल रहे सप्त दिवशी बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन शिविर के पांचवें दिन हाइक का कार्यक्रम प्रशिक्षु ने सीखा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से राज्य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त डी पी मिश्रा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे, शिविर अधिकारी यश एन पांडे, डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा, सचिव हरिशंकर पांडे, राकेश रतन पांडे, राजेंद्र मिश्रा, के पी सिंह सहित अनेक स्काउट मास्टर एवं गाइड उपस्थित रहे और अपने मार्गदर्शन दिए।

हाइक के अंतर्गत शिविर स्थल से चलकर बताए गए पद चिन्ह द्वारा उस स्थान का भ्रमण करते हुए खोज करना। विशेष रूप से यह विधि तब काम आती है, जब कोई स्काउट या गाइड अजनबी स्थान पर खो जाता है। कार्यक्रम स्थल से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित शिव मंदिर ,जो लोगों के लिए नया था, उसे सुतली एवं बास की लाठी के माध्यम से खोजा गया। एक चक्रव्यूह की रचना की गई जिसका प्रशिक्षु ने अध्ययन किया।

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल। कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आज साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम बतौड़ी निवासी श्री सीनू सिंह पति श्री सनत कुमार सिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि 12 सितम्बर 2023 को जयसिंहनगर अस्पताल में मेरी पुत्री का जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि अस्पताल द्वारा उनकी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र अभी तक नहीं दिया गया है। जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए वे कई बार जयसिंहनगर अस्पताल में जा कर आवेदन दे चुके हैं इसके बावजूद भी उन्हें उनकी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है। उनका कहना था कि उन्हें उनकी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मोहम्मद गुलामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट खैरहा तहसील बुढ़ार जिला शहडोल ने आवेदन देतु हुए बताया कि ग्राम हरदी से खैरहा तक जाने के लिए शासकीय भूमि पर पुराना मुख्य मार्ग था इसी रास्ते से ग्राम हरदी व खैरहा के किसान अपने मवेशियों को घास चराने एवं नदी में पानी पिलाने ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि उसी रास्ते में कुछ महीने पहले गुलाम मुस्तफा पिता हमीद वर्तमान निवासी ग्राम हरदी पोस्ट सामतपुर तहसील सोहागपुर जिला शहडोल के द्वारा गाड़ी रखने के लिए गैरेज बना दिया गया है तथा रास्ता को बंद कर दिया गया है। जिस कारण से ग्रामीणों और किसानों को आवागमन एवं मवेशियों ले जाने जैसी कई सारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि ग्राम हरदी से खैरहा तक के लिए जो पुराना मार्ग था उसे यथावत करा दिया जाए। जिससे किसानों और ग्रामीणों को लाभ मिल सके। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

सांसद ने सदन में उठाया जल जीवन मिशन की वर्किंग पर प्रश्न

सीधी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन की कार्य प्रणाली पर लोकसभा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाया वही हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद भी व्यापित किया।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने लोक जन हित के मुद्दों के अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र में किया जा रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न पूछते हुए कहा कि जल जीवन मिशन का कार्य एलसीसी और केपीटीएल कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। इन कंपनियों ने नेशनल हाईवे को बिना परमिशन के मनमानी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया है। और प्रयोग में लाई जा रही पाइप भी घटिया है, जिसके कारण जहां एक ओर नेशनल हाईवे की सड़क खराब हुई है, शहर के सौंदर्यीकरण को ग्रहण लगा है और दुर्घटनाएं भी हुई है वहीं दूसरी ओर खराब गुणवत्ता की पाइपों के उपयोग के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन पर ग्रहण लगाने का कार्य किया जा रहा है।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने लोकसभा में प्रश्न उठाते हुए कहा कि इस मिशन के अंतर्गत कार्य करने वाली कंपनियों के लिए बनी समिति मे सिविल सोसाइटी से भी कुछ प्रतिनिधि रखे जाएं, जो उनके कार्यों की मॉनीटरिंग कर सके। एल सी सी और के पी टी एल कंपनियों द्वारा किए जा रहे जल-जीवन मिशन के अब तक हुए कार्यो की जांच करके इन कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए, इन्हें ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही हो और नेशनल हाईवे को क्षतिग्रस्त करने के कारण और घटिया पाइप इस्तेमाल के कारण इनके ऊपर जुर्माना भी लगे। रेहंड डेम, सोन व अन्य आसपास के बड़े जलाशयों से घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। बाद में सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि सभी देशवासियों को शुद्ध पेयजल टोटी वाले नल से मिले। इसके लिए जल जीवन मिशन पूरे देश भर में काम कर रहा है। यह एक ऐसी योजना है जिसके कारण हर व्यक्ति को शुद्ध पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी और हर घर में टोटी वाला पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही जहां पानी की टंकियों का निर्माण किया गया है, वह भी निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं है।

संपादकीय

ईरान-इस्राइल आमने-सामने

ईरान, हमास और हिजबुल्ला की इस्राइल से बदला लेने की घोषणाओं के बीच मध्य पूर्व टकराव के एक नए दौर के मुहाने पर खड़ा दिख रहा है। पहले हिजबुल्ला के मिलिटरी चीफ फुआद शुकर का लेबनान के बेरूत में इस्राइली कार्रवाई में मारा जाना और फिर हमास के प्रमुख इस्माइल हानिया की तेहरान में हुई हत्या- इन दोनों घटनाओं ने अचानक इस क्षेत्र का तापमान काफी बढ़ा दिया है। आलम यह है कि कल तक शांति की जरूरत बता रही और इस दिशा में कोशिश कर रही शक्तियां भी फिलहाल संघर्ष के और तेज होने की आशंका के आगे लाचार दिख रही हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस जैसे तमाम देश अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने की अपील कर रहे हैं। भारत ने भी अपने नागरिकों को लेबनान से दूर रहने और जो पहले से वहां हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकलने को कहा है। इस्राइल में रह रहे भारतीयों से भी सतर्क रहने और प्रोटोकॉल्स का पालन करने को कहा गया है। ईरान की ओर से बार-बार कहा जा रहा है कि उसे जवाब देने का पूरा अधिकार है और वह इस अधिकार का इस्तेमाल निश्चित रूप से करेगा। दूसरी ओर इस्राइल भी हमले की आशंकाओं को लगभग स्वीकार करते हुए इसका सामना करने की तैयारियों में लग गया है। वहां नागरिकों को बताया जा रहा है कि हमला होने की स्थिति में किन-किन स्थानों को बम शेल्टर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही बन जाता है कि ईरान और उसके प्रॉक्सी संगठनों की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई कितनी गंभीर होगी और इसके किस तरह के नतीजे सामने आएंगे। याद किया जा सकता है कि इसी साल अप्रैल में भी ईरान ने इस्राइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की थी। तब सीरिया के दमिश्क में इस्राइली कॉन्सुलेट पर हुई बमबारी का बदला लेने के लिए उसने इस्राइल पर 170 ड्रोन, 30 क्रूज मिसाइलें और 110 बैलिस्टिक मिसाइलें छोड़ी थीं। लेकिन इस कार्रवाई के बाद मामले को और बिगड़ने से बचा लिया गया था। क्या इस बार भी बात दोनों तरफ की सीमित और सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रहेगी? सभी पक्षों के मूड को देखते हुए फिलहाल इस उम्मीद में ज्यादा दम नजर नहीं आता, लेकिन यह बात भी सही है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे युद्धों के प्रत्यक्ष और परोक्ष नतीजों से जूझती दुनिया ईरान-इस्राइल के बीच एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाने में केंद्र की कोताही

विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है।

(योगेंद्र योगी)

प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार और काले धन पर और अधिक कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है।

आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हु कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। जिसने भी लूट की है, उसे जनता का पैसा वापस करना होगा। हम इस पर कानूनी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट लोगों के धन का एक्स-रे करेंगे। जिन्होंने लूट की है, उन्हें जेल जाना होगा। इतना ही नहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना एनडीए सरकार का एक मिशन है, न कि चुनावी लाभ का मामला।

प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और काले धन पर और अधिक कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पहले आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ सबूतों के साथ गंभीर आरोप लगाने और बाद में लोकसभा चुनाव लडने के लिए उसके साथ गठबंधन करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बिना किसी झिझक के यह कहना चाहता हूं और देशवासियों को भी बताना चाहता हूं कि मैंने एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पूरी आजादी दी है। सरकार कहीं भी हस्तक्षेप नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (जांच एजेंसियों को) ईमानदारी के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए। भ्रष्टाचार में लिप्त कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं पाएगा। यह मोदी की गारंटी है। विपक्षी सदस्यों के इस आरोप का जिक्र करते हुए कि सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत मुलायम सिंह यादव जैसे विपक्षी नेताओं के बयानों का हवाला दिया, जिन्होंने यूपीए सरकार पर उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा कि यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता करार दिया था।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए गए हैं। कहा गया है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप शराब घोटाला करती है, आप भ्रष्टाचार करती है, आप बच्चों के लिए कक्षाएं बनाने में घोटाला करती है, आप पानी घोटाला भी करती है... कांग्रेस आप के खिलाफ शिकायत करती है। कांग्रेस आप को अदालत में घसीटती है और अगर कार्रवाई होती है तो वे मोदी को गाली देते हैं। इन आरोपों के जवाब में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों का कहना था कि भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती है, बाद में उन्हें ही अपनी पार्टी में शामिल करवा कर केस वापस ले लेती है। भाजपा के पास ऐसी वॉशिंग मशीन है, जिसमें 10 साल पुराना केस भी डालो तो आरोपी बेदाग होकर निकलता है। कांग्रेस ने विपक्ष के ऐसे 51 मामलो को गिनवाया जिन पर कार्रवाई चल रही है। इसके अलावा उन्होंने 20 केस ऐसे गिनाए, जिनमें भाजपा और उसकी सहयोगी दल के नेताओं पर केस दर्ज हैं। लेकिन वह अभी तक बचे हुए हैं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस ने एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल का नाम लेकर कहा था कि भाजपा ने प्रफुल्ल पटेल पर अरबों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था लेकिन जब वे एनसीपी छोड़ भाजपा में शामिल हुए तब उनके सारे दाग धुल गए और वे बहुत अच्छे इंसान हो गए। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंता सरमा का भी नाम लिया और कहा कि इनकी कहानी भी सेम है।

गौरतलब है कि असम के मुख्यमंत्री पर गुवाहाटी में जलापूर्ति घोटाले का आरोप लगा था। नारायण राणे के खिलाफ ईडी-सीबीआई ने कई मामले दर्ज किए। अजीत पवार घोटाले के आरोप में ईडी द्वारा जांच चल रही थी। कांग्रेस की तरफ से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण पर भाजपा ने आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले का आरोप लगाया था लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद इनके खिलाफ मामला आगे नहीं बढ़ा। इसके अलावा हसन मुश्रीफ और छगन भुजबल इन दोनों पर भाजपा ने मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया था। जिसके बाद श्वष्ठ ने इन पर कार्रवाई भी की थी. लेकिन इनके एनसीपी से अलग हो जाने के बाद इनके खिलाफ सारी कार्रवाइयां बंद हो गई। गौरतलब है कि भारत भ्रष्टाचार के मामले में विश्व में बदनाम है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में 180 देशों में से भारत 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 थी। यह सूचकांक विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के कथित स्तर के आधार पर 180 देशों और क्षेत्रों को रैंक करता है। भारत में हर तरफ भ्रष्टाचार का खुलासा एक अंतरराष्ट्रीय सर्वे में भी हो चुका है। सर्वे में शामिल कुल कंपनियों में से 80 फीसदी ने कहा है कि 2015-16 में वह भ्रष्टाचार से जुड़े धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं। 2013-14 में ऐसी कंपनियों की संख्या 69 फीसदी थी। सवाल यही है कि देश में जब हर तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त हो तब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के जनप्रतिनिधियों सम्पत्ति और आय स्त्रोतों आदेश पर कानून बनाने में कोताही क्यों बरती है।

शक्ति या शिव- किसका पलड़ा भारी है?

(नंदकिशोर श्रीमाली)

शास्त्र कहता है कि हर पुरुष में शिव है तथा प्रत्येक स्त्री शक्ति रूप है। शिव एवं शक्तिअर्धनारीश्वर स्वरूप में एकाकार हो जाते हैं लेकिन आम जीवन में स्त्री एवं पुरुष में किसका पलड़ा भारी है इसको लेकर बहस, शोध एवं व्यंग्य का बाजार गरमाया रहता है, खास करके व्यंग्य का। सबसे अधिक चुटकुले पति और पत्नी के संबंधों के को लेकर सबसे बनाए जाते हैं और फॉरवर्ड किए जाते हैं। ऐसा ही एक व्हाट्सएप फॉरवर्ड आया था, मेरे पास भी जिसने मुझे सोचने पर विवश कर दिया कि आखिर शक्ति या शिव में अधिक महत्वपूर्ण कौन है?

हमारे धार्मिक ग्रंथो के अनुसार ईश्वर अर्थात शक्तिमान अपनी शक्ति की प्रेरणा से क्रियान्वित होते हैं। शिव काली की शक्ति के आगे दंडवत हैं। गहरी निद्रा में डूबे हुए विष्णु जी को सरस्वती जगा देती हैं। दुर्गा सप्तशती में शुंभ निशुंभ की सेना से जब शक्ति युद्धरत हुई थी, उस समय जिस देवता की जो शक्ति है, वह उसी रूप में युद्ध स्थल में आती है। ब्रह्मा की शक्ति ब्रह्माणी, रुद्र की शक्ति रुद्राणी आदि आसुरी शक्तियों से लड़ने के लिए आती हैं। ईश्वर एवं उनकी शक्ति में एक गठबंधन है, कभी ईश्वर ड्राइविंग सीट में होते हैं, तो कभी उनकी शक्ति। शक्ति एवं शक्तिमान में कोई अंतर नहीं है।इसके विपरीत पश्चिम में ईश्वर के लिए पुरुषवाचक (ाद्द) सर्वनाम का उपयोग किया गया है, लेकिन वहां भी जब उन्हें स्त्री वाचक सर्वनाम बनाने की आवश्यकता पड़ी तो उन्हें शक्ति से 'श' लेना पड़ा। शास्त्र यह भी मानता है कि प्रत्येक स्त्री शक्ति रूप है तथा प्रत्येक पुरुष शिव रूप में है, इसलिए यदि शक्तिमान और शक्ति में किसकी चलती है, जैसे विवाद में किसी निश्चित निर्णय पर पहुंचना असंभव है। किसी एक को विजयी बना देना दूसरे पक्ष के साथ अन्याय है। हमारी संस्कृति में नर और नारी को एक ही सिक्के के दो पहलू दो शरीर एक आत्मा के रूप में दर्शाया गया है, जिसका सबसे प्रारंभिक चित्रण सुद्युम्न और इला में आया है।

देवी भागवत पुराण में वर्णन है कि विवस्वान अथवा सूर्य से उत्पन्न वैवस्वत मनु पहले सन्तानहीन थे। संतान प्राप्ति हेतु वशिष्ठ ऋषि ने उनसे पुत्र प्राप्ति हेतु मित्रावरुण यज्ञ करवाया।वैवस्वत मनु की पत्नी श्रद्धा को पुत्र के बजाय कन्या की इच्छा थी जिससे यज्ञ की समाप्ति पर इला (पुत्री) उत्पन्न हुई। इला को देखकर मनु कुछ अधिक प्रसन्न नहीं हुए तथा पूछते हैं कि पुत्र के स्थान पर पुत्री क्यों उत्पन्न हुई?वशिष्ठ मुनि ने वैवस्वत मनु को कहा कि श्रद्धा की आकांक्षा से उन्हें पुत्र के स्थान पर पुत्री हुई परन्तु यजमान की इच्छा की पूर्ति हेतु वशिष्ठ ऋषि ने भगवान नारायण की स्तुति की जिनकी कृपा से इला सुद्युम्न (पुरुष) में बदल गए। किसी समय

राजा सुद्युम्न शिकार खेलने के लिए घोड़े पर सवार होकर शरवण में गए। वह एक अद्भुत वन था जहां पर जाते ही राजा सुद्युम्न का घोड़ा बदल कर घोड़ी बन गया, मंत्रीगण भी स्त्री बन गए एवं सुद्युम्न फिर से स्त्री रूप में परिवर्तित हो गए, वे इला बन गए।शरवण को शिव का आदेश था कि यदि कोई भी पुरुष वहां पर जाएगा तो वह स्त्री में बदल जाएगा। किसी समय ऐसी घटना घटी थी कि महादेव शिव पार्वती के साथ विहार कर रहे थे। इसी समय सनक आदि ऋषिगण भगवान शिव के दर्शन हेतु उस वन में प्रवेश किए थे। उन सभी पुरुष जनों को एकाएक उस अंतरग अवस्था में आया हुआ देखकर लज्जावश कांपती हुई पार्वती शिव से अलग हो गई, पार्वती को उस लज्जित अवस्था में देखकर शिव ने उस वन के विषय में यह प्रावधान बना दिया कि यदि शिव के अतिरिक्त कोई भी पुरुष इस वन में प्रवेश करेगा तब वह स्त्री बन जाएगा।

शिव के वचन अनुसार उस वन में प्रवेश करते ही सुद्युम्न इला के रूप में परिवर्तित हो गए। उस समय शक्तिशाली बुद्ध को ज्ञात हुआ कि उनके आश्रम के बगल में बहुत सी स्त्रियों से घिरी हुई एक सुन्दर स्त्री घूम रही है। बुध स्त्री वेषधारी इला के पास आए, तथा उनसे विवाह की इच्छा प्रकट की। इला भी परमप्रतापी बुध से विवाह करने के लिए मान गई तथा प्रेम पूर्वक रहने लगे। बुध एवं इला से पुरुरवा उत्पन्न हुए। जीवन यथावत?? चलता रहा। कुछ काल के बाद स्त्री रूप में इला ने अपने गुरु वशिष्ठ का स्मरण किया तथा उनसे प्रार्थना किया कि वे पुनः पुरुष बन जाएं। इला की प्रार्थना को सुनकर वशिष्ठ ऋषि ने भगवान शंकर की आराधना की कि वे इला को पुनः पुरुष बना दें। वशिष्ठ ऋषि के प्रार्थना पर भगवान शिव ने यह व्यवस्था बनाई कि सुद्युम्न एक माह के लिए पुरुष एवं एक माह के लिए स्त्री रूप में रहेंगे। इस कथा का अन्य रूपांतरण पद्म पुराण में आया है। वहां कथानक कुछ इस प्रकार है कि वैवस्वत मनु के दस महाबली पुत्र थे, सबसे बड़ा इल था, शेष पुत्रों के नाम इक्ष्वाकु, कुशनाभ, अरिष्ट, धृष्ट, नरिष्यन्त करुष, महाबली, शर्याति, पृषध्र तथा नाभाग था।

राजा अपने धर्मात्मा पुत्र इल को सिंहासन देकर स्वयं तपस्या करने चले गए। फिर एक दिन इल शरवण में गए। शरवण में जाकर इल 'इला' में बदल गए। कथा फिर उसी लीक पर बढ़ती है कि इला रूप में उन्होंने पराक्रमी बुध से विवाह किया। इधर इला के भाई इक्ष्वाकु उन्हें खोजते निकले। स्त्री रूप में इला को देखकर उन्होंने महादेव की स्तुति की, महादेव ने उन्हें अश्वमेध यज्ञ करने को कहा। अश्वमेध यज्ञ के प्रभाव से इला एक माह के लिए पुरुष एक माह के लिए स्त्री बन कर रहे। पुरुष रूप में वे सुदयुम्न कहलाए।यह व्यवस्था एक प्रकार से रूपक है पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग विचारधाराओं में सामंजस्य स्थापित करने का, जिसमें दोनों जीवन के अलग-अलग क्षेत्र में अपना वर्चस्व चलाएं। या फिर हम यह अनुमान भी लगा सकते हैं कि स्त्री एवं पुरुष जब तक एक दूसरे के विचारधारा से नहीं जुड़ते हैं उन्हें दूसरे पक्ष के समस्याओं का पता नहीं चलता है।

वर्ग पहेली 5454

1	2	3	■	4		5	6
7			■		■	8	
■	9		10		■	■	■
11	■	■		■	■	12	13
	■	14		15	■	16	
	■	17			■	■	
18			■	19	20	■	
	■	21		■	22		

संकेत: बाएं से दाएं
1. 21 सितंबर 1964 माल्टा ने इस देश से स्वतंत्रता हासिल की (3)
4. ये भारत के उपराष्ट्रपति थे (कार्यकाल 1997-2002)(4)
7. जल से उत्पन्न वस्तु (3)
8. सोपान, सीढ़ी, जीवित रहना (2)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
12. वह का रूप जो विभक्ति लगाने पर यह रूपधारण करता है (2)
14. कारण कार्य भाव, अन्योअन्य भाव, आकांक्षा, चाह (3)
16. बराबर, तुल्य (2)
17. अध्यापक, टीचर, प्रवीण व्यक्ति (3)
18. मनुज, इंसान, मनु संतति (3)
19. किस समय, किस वक्त (2)
21. यह थाईलैंड का एक पूर्व नाम है (2)
22. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष, याम घोष (3)

ऊपर से नीचे
1. पुल, सेतु (अंग्रेजी) (2)
2. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
3. इराक का एक प्रमुख शहर है जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार होने की वजह से ये इस्लाम तथा शिया इस्लाम का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है (3)
4. किसान, खेतिहर (3)
5. मवेशीशाला, पौनघर, बाड़ा (5)
6. अनमित, वृक्ष का एक भाग, विनत (2)
10. यह हंगरी देश के मध्य उत्तरी भाग में डेन्यूब नदी के दोनों किनारों पर स्थित है (4)
11. यह नेपाल के पूर्वांचल विकास क्षेत्र का एक प्रांत है (5)
13. बोध प्राप्त, तथागत, सुधी (5)
14. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
15. चिड़ियों को फंसाने का जाल, पक्षीपाश (3)
20. धब्बा, बतौर निर्माता यश चोपड़ा की पहली फिल्म जिसमें राजेश खन्ना, रखी व शर्मिला थी (3)

वर्ग पहेली 5453 का हल

वि	य	त	ना	म	■	गि	नी
दु	म	दा	र	■	■	री	ति
र	ज	■	द	■	खु	रा	■
■	■	रि	पु	ता	■	■	पा
हा	मा	■	रा	ज	गृ	रू	■
रा	मा	य	ण	■	ल	ब	रा
फ	■	ह	■	जं	जा	ल	■
त	क	दी	र	■	र	■	■

सुबह की दिनचर्या से अपना दिन बनाएं जादुई

(सुंदरचंद ठाकुर)

क्या आप अपनी सुबह की दिनचर्या को लेकर सचेत रहते हैं। अगर नहीं, तो रहना शुरू कीजिए। सुबह के समय को जाया न जाने दीजिए क्योंकि सुबह के समय आप क्या करते हैं यह आपके पूरे दिन को तय करता है कि पूरे दिन आप किस तरह, किस मूड में, किस ऊर्जा और उत्साह में काम करने वाले हैं। अगर आप अपने हर दिन को पूरी ऊर्जा से और उत्साह से जिएंगे, तो आपका जीवन बहुत तेजी से रूपांतरित होगा और आपके सपनों को जल्दी-जल्दी हकीकत में बदलेगा। हम आज सुबह की कुछ सरल आदतों के बारे में बात करते हैं, जिनकी मदद से आप अपने दिन को जादुई बना सकते हैं। जादुई मतलब, ऐसा दिन जो आपको हैरतअंगेज नतीजे दे।

सबसे पहले, तो आपको सुबह जल्दी उठने की आदत बनानी चाहिए क्योंकि सुबह ब्रह्ममुहूर्त का समय बहुत दिव्य होता है। इस समय जो उठता है ज्यादा ऑक्सीजन तो मिलती ही है, साथ ही इस वक्त वातावरण बहुत शुद्ध होता है यानी उसमें लोगों की विचार तरंगे नहीं होतीं। इसलिए सुबह के वक्त आपका दिमाग पूरी तरह शांत बना रह पाता है और शांत दिमाग में ही बड़े आइडियाज आते हैं। यह बेवजह नहीं है कि दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ और दूसरे बड़े पदाधिकारी सुबह जल्दी उठते हैं। वे जानते हैं कि जिस तरह की प्रतिस्पर्धा में वे हैं, एक भी बड़ा आइडिया उनकी और उनकी कंपनी की किस्मत बदल सकता है। जबकि ऐसा कोई आइडिया मिस होने पर किस्मत का सितारा उतनी ही तेजी से गर्दिश में समा सकता है। भारत में प्राचीन समय से ही हमारे ऋषि-मुनि और योगी सुबह जल्दी उठकर ध्यान और साधना करते थे। आधुनिक विज्ञान भी यही कहता है कि जल्दी उठने से हमारा शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। शांत और ताजा सुबह से आप जो ऊर्जा पाते हैं, वह पूरी दिन आपके साथ बनी रहती है।

सुबह जल्दी उठने के बाद जो सबसे पहला काम होना चाहिए वह है लंबी सांस लेते हुए, सांस के प्रति बोधपूर्ण होते हुए ईश्वर को ध्यान्यवाद देना, मन को कृतज्ञता के भाव से भरना कि आपको एक नया दिन देखने को मिल रहा है। जितना आप छोटी-छोटी बातों के लिए मन में कृतज्ञता का भाव लाते हैं, उतना आप आनंद में और सकारात्मक होकर जीते हैं। दूसरा काम आपको उठते ही गुनगुना पानी पीने का करना चाहिए। मैं इसे अदरक के पानी में बदल देता हूं और उसमें एक चम्मच ऑर्गेनिक शहद भी डाल लेता हूं। यह आपकी इम्युनिटी को बढ़ाने का काम तो करता ही है, रात भर पानी नहीं पीने से आपका शरीर भी डिहाइड्रेट हो जाता है। पानी पीने से न केवल शरीर में नमी आती है, बल्कि यह आपके मेटाबोलिज्म को भी बढ़ावा देता है। इससे आपका पाचन तंत्र भी सही रहता है और दिनभर की थकान भी कम होती है।

जीवन को संतुलित और ऊर्जावान बनाने के लिए सुबह के समय जो एक काम करना अनिवार्य है, वह ध्यान और प्राणायाम। ध्यान को करने की विधि को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। इतना समझ लीजिए कि कुछ नहीं करने को ही ध्यान में बैठना कहते हैं।

आज का राशिफल

मेष

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको किसी मामले में लाभ होने से आपके सुख में वृद्धि होगी। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और आपके धन में वृद्धि होगी। शाम तक कारोबार में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

वृषभ

आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्द्ध में आपको लाभ होगा और उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी।

मिथुन

आज लाभ होगा और करियर में दिन सफलता से भरा होगा। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको भरपूर सफलता प्राप्त होगी। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा।

कर्क

आज करियर के मामले में आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और कारोबार में महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

सिंह

आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। धर्म आध्यात्म के मामले में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपका मन पढ़ाई-लिखाई में लगेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे।

कन्या

आज दिन हर काम में सापधानी रखने का है। वरना आपको नुकसान हो सकता है। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

तुला

आज करियर में लाभ होगा और दिन सम्मान से भरा होगा। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं और आपके किसी नए प्रॉजेक्ट पर काम आरंभ हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

धनु

आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। आपको दूसरों की मदद करनी पड़ेगी।

कुंभ

आज करियर के मामले में सफलता देने वाला रहेगा। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आपको धन लाभ होगा और सम्मान में वृद्धि होगी। आपका भाग्य साथ देगा और योजनाएं सफल होंगी।

वृश्चिक

आज लाभ और सम्मान प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और आपको धन के मामले में लाभ होगा। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं।

मकर

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। साझेदारी में में किए व्यापार में लाभ होगा और आपके घर में सुख समृद्धि बढ़ेगी। घरेलू काम को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े।

मीन

आज दिन आपके लिए शुभ होगा और कार्य में सफलता प्राप्त होगी। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ होगा।

संक्षिप्त समाचार

नोएडा के कॉलेज में स्टूडेंट करने लगे किसिंग और गंदी हरकत, वीडियो वायरल हो

नईदिल्ली, एजेंसी। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक युवक और युवती का गंदी हरकत वाला आपत्तिजनक वीडियो तेजी से अलग-अलग प्लैटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। करीब डेढ़ मिनट के इस वीडियो में युवक-युवती एक दूसरे को किस करने के साथ ही अश्लील हरकतें करते दिख रहे हैं। इस बीच किसी और ने उनकी यह हरकत अपने मोबाइल फोन में कैद रिकॉर्ड कर कर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद नोएडा पुलिस वीडियो में दिख रहे युवक और युवती की पहचान करने में जुट गई है। यह वायरल वीडियो नोएडा सेक्टर-125 स्थित एक निजी विश्वविद्यालय परिसर का बताया जा रहा है। नोएडा पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। वीडियो कहां का है कि पुलिस ने अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। वीडियो में दिख रहे युवक और युवती की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें युवक और युवती आपत्तिजनक स्थिति में हैं। वहीं एक कमरे के अंदर से कोई वीडियो बना रहा है। हालांकि, वहीं कई सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि वायरल वीडियो काफी पुराना है और पहले भी वायरल हो चुका है। बता दें कि, लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। वहीं ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली के पीपलका गांव में हुए छात्र कमल हत्याकांड मामले में अभी नौ आरोपी फरार हैं। कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट पर सभी फरार आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए हैं। दनकौर पुलिस फरार आरोपियों के घर वारंट तामील करने में जुट गई है। 9 जुलाई को दोस्त के साथ प्रेमिका से मिलने गए अस्तौली गांव निवासी छात्र कमल और उसके दोस्त को डेढ़ दर्जन लोगों ने पीट पीट कर अधमरा कर दिया था। अस्पताल में इलाज के दौरान छात्र कमल की मौत हो गई थी। इस संबंध में कमल के चाचा ने पीपलका, नवादा और दादूपुर गांव के 18 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया।

सरकार की ओछी मानसिकता, बांग्लादेश को लेकर सर्वदलिया बैठक में ना बुलाने को लेकर भड़की आप

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने बांग्लादेश के मुद्दे पर चर्चा के लिए मंगलवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश की स्थिति पर जानकारी दी और सभी पार्टी नेताओं से उनकी राय पूछी गई। इस बैठक में कई पार्टियों को बुलाया गया लेकिन आम आदमी पार्टी इसमें शामिल नहीं हुई। अब इसी मसले पर आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी को इस बैठक में ना बुलाना सरकार की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। संजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर इस बारे में ट्वीट किया है और आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी 13 सांसदों वाली राष्ट्रीय पार्टी है, इसके बावजूद सर्वदलीय बैठक में उसे नहीं बुलाया गया। उन्होंने लिखा, राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला इसपर निर्भर नही करता के प्रधानमंत्री किस से खुश है या नाराज है, इस महत्वपूर्ण सर्वदलीय बैठक में 13 सांसदों वाली राष्ट्रीय पार्टी आम आदमी पार्टी को ना बुलाना सरकार की ओछी मानसिकता और अगंभीरता को दर्शाता है। सर्वदलीय बैठक सुबह करीब 10 बजे संसद भवन में हुई। बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना के अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर जाने से वहां अराजकता की स्थिति पैदा हो गई है। हसीना लंदन जाने की अपनी योजना के तहत सोमवार रात भारत पहुंचीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इस मुद्दे पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की थी। उधर एस जयशंकर ने सभी दलों के सर्वसम्मत समर्थन के लिए उनकी सराहना की। एक्स पर विदेश मंत्री ने लिखा, आज संसद में एक सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जताए गए सर्वसम्मत समर्थन और तालमेल के लिए सभी दलों की सराहना करता हूं।

राष्ट्रीय निशानेबाजी कोच समरेश जंग के घर को गिराने पर रोक लगाने से इनकार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को यहां सिविल लाइंस में राष्ट्रीय पिस्टल निशानेबाजी कोच समरेश जंग के घर को गिराने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि जंग के परिवार को उप-पट्टे पर दी गई संपत्ति पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है, ऐसे में उन्हें कोई राहत नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने कोच के भाई समीर जंग की याचिका खारिज कर दी, जिसमें 1 मार्च, 2024 के नोटिस को चुनौती दी गई थी, जिसमें खैबर दर्रा बाजार क्षेत्र में 32 एकड़ में फैले सभी रहने वालों (लगभग एक हजार लोगों) को अनधिकृत घोषित किया गया था। एक व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया गया था। वकील ने पीठ को बताया कि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को कोचिंग देने वाले समरेश जंग भी उसी संपत्ति में रहते हैं, जिसमें परिवार को लगभग 60-70 साल पहले कानूनी रूप से उप-किराएदार के रूप में शामिल किया गया था। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि कई खेल आयोजनों में देश को गौरव दिलाने वाले जंग को घर से बाहर निकाले जाने का जोखिम है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भाजपा खुश, दिल्ली में पार्षद खिलाने लगे मिठाई

नईदिल्ली, एजेंसी। मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा खुश नजर आ रही है। दिल्ली नगर निगम के नेता विपक्ष और राजौरी गार्डन से भाजपा पार्षद राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को मध्य जोन से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की तरफ से दरियागंज के रहने वाले मनोज जैन को मिठाई खिलाई। उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति का अधिकार दिल्ली के उपराज्यपाल को है। इस बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एमसीडी एक्ट के अनुच्छेद 3 और 3 बी के अनुसार दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति उपराज्यपाल के अधिकारों में निहित है और इसके लिए दिल्ली सरकार के सलाह की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने निगम में सत्ता पक्ष पर निशाना साधते आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को निगम एक्ट में एल्डरमैन की नियुक्ति के संदर्भ में उपराज्यपाल के अधिकारों के बारे में पता था उसके बाद भी आम आदमी पार्टी ने स्थायी समिति अध्यक्ष के चुनावों को नहीं होने दिया। जिसके कारण दिल्ली का विकास रुक गया और नागरिकों को परेशान होना पड़ा। आम आदमी पार्टी की इस हठधर्मी की

वजह दिल्ली का विकास दस साल पीछे चला गया है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पहले निगम को तीन टुकड़ों में विभाजित किया था और दिल्ली की सत्ता में आने के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार ने फंड रोककर निगम को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने निगमों की समस्या को समझा और 2022 में एकीककृत दिल्ली नगर निगम का गठन किया। इससे दिल्ली नगर निगम के खर्चे कम हुए जिसका फायदा कर्मियों को वेतन मिलने से हो रहा है। राज्य सरकार, यदि निगम को आर्थिक मदद करती तो बकाये से लेकर रूके हुए विकास कार्य तेजी से होते पर उनकी तरफ से अब भी निगम के 15 हजार करोड़ रूपये नहीं दिए जा रहे हैं। नेता विपक्ष ने कहा ने कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब आम आदमी पार्टी को जल्द से जल्द स्थायी समिति और वार्ड समितियों के चुनाव करवाने चाहिए ताकि रुके हुए विकास कार्य फिर से शुरू हो सकें और नागरिकों को दिल्ली नगर निगम की सुविधाएं मिल सकें। स्थायी समिति निगम की एक महत्वपूर्ण समिति है जिसके न होने के कारण निगम द्वारा किए जाने वाले सारे विकास कार्य रुक गए थे। नागरिकों के हितों को देखते हुए अब आम आदमी पार्टी की मेयर को स्थायी समिति व वार्ड समितियों के चुनाव की अधिसूचना जल्द से जल्द जारी करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा केंद्र सरकार और उपराज्यपाल को निशाना बनाती है जबकि असल में दिल्ली के विकास कार्यों में सबसे बड़ी बाधा आम आदमी पार्टी स्वयं उत्पन्न करती है। राज्य सरकार पर चौथे और पांचवें दिल्ली वित्त आयोजन की सिफ़ारिशों के अनुरूप दिल्ली नगर निगम का 15 हजार करोड़ रुपये बकाया है। जिसे जल्द से जल्द जारी किया जाना चाहिए और छठे दिल्ली वित्त आयोग के गठन को मंजूरी देनी चाहिए। उन्होंने कहा की अब दिल्ली नगर निगम में और दिल्ली सरकार में आम आदमी पार्टी की सरकार है उसके बाद भी दिल्ली नगर निगम को उसका बकाया फंड जारी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि स्थायी समिति में आम आदमी पार्टी के पास जीतने के अंक नहीं थे इसलिए वह चुनाव को टालने के लिए सुप्रीम कोर्ट गई थी। चूंकि कोर्ट में सुप्रीम कोर्ट से उपराज्यपाल के निर्णय की जीत हो गई है तो स्थायी समिति का चुनाव भी भाजपा जीतेगी।

महिला को पूर्व पति को बदनाम करना पड़ा महंगा, दिल्ली अदालत ने ठोका 15 लाख जुर्माना

नईदिल्ली, एजेंसी। एक तलाकशुदा महिला को अपने पूर्व पति को बदनाम करना काफी महंगा पड़ गया। दिल्ली की एक अदालत ने न सिर्फ महिला को अपने पूर्व पति की मानहानि के लिए जिम्मेदार ठहराया है बल्कि पति को हर्जाने के रूप में 15 लाख रुपये देने का आदेश दिया है। साकेत जिला कोर्ट के जज सुनील बेनीवाल ने इस मामले की सुनवाई में यह पाया कि पीड़ित व्यक्ति की पूर्व पत्नी के कृत्यों ने उस व्यक्ति को चोट पहुंचाई और उसके पेशेवर विकास में भी बाधा उत्पन्न की। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने 29 जुलाई को अपने आदेश में कहा कि इस मामले के रिकॉर्ड से यह स्पष्ट है कि प्रतिवादी (महिला) ने मानहानि करने वाले कृत्यों में लिप्त है। वादी (पूर्व पति) द्वारा पेश की गई ईमेल/चैट की कॉपी से यह विधिवत साबित हो चुका है, वहीं, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य हलफनामा भी इसकी पुष्टि करता है और इसका खंडन नहीं किया गया है। महिला ने उक्त ईमेल की प्रामाणिकता को चुनौती नहीं दी है और ना ही चुनौती देने के लिए कोई कदम उठाया है। अदालत शिकायतकर्ता द्वारा अपनी पूर्व पत्नी के खिलाफ दायर मुकदमे पर विचार कर रही थी, जिसमें उसे बदनाम करने और उसके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और झूठे मुकदमे चलाने के लिए हर्जाने की मांग की गई थी। इन दोनों की शादी 2001 में हुई थी। पति ने आरोप लगाया कि पत्नी 2009 में अपनी नाबालिग बेटी के साथ ससुराल का घर छोड़कर चली गई और विभिन्न अदालतों और अधिकारियों के समक्ष उसके और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाकर झूठे मुकदमे दायर करना शुरू कर दिया। उसने यह भी दावा किया कि पत्नी ने उसे अपनी बेटी से भी मिलने नहीं दिया और बेटी को अपने पिता के प्यार और स्नेह से वंचित कर दिया। इसके अलावा, यह भी तर्क दिया गया कि पत्नी ने अपने ईमेल अकाउंट के माध्यम से अपने दोस्तों के साथ चैट करते समय उसके और उसकी मां के खिलाफ घटिया और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। पति ने कहा कि 2021 में हिंदू मैरिज एक्ट 1955 के तहत क्रूरता के आधार पर एक फैमिली कोर्ट द्वारा उनकी शादी को रद्द कर दिया गया था। हालांकि, तलाक के बाद भी पति ने यह आरोप लगाया कि उसकी पूर्व पत्नी उसके वृद्ध और बीमार मामा को ईमेल भेजकर उसे बदनाम करती थी, जो उसके मालिक भी थे।

पूर्व आईएएस पूजा खेडकर पहुंची दिल्ली हाईकोर्ट, यूपीएससी के फैसले को दी चुनौती

नईदिल्ली, एजेंसी। पूर्व प्रोबेशनरी आईएएस पूजा खेडकर ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वह सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट पहुंची और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से उनकी उम्मीदवारी रद्द करने के फैसले को चुनौती दी। यह मामला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष लाया गया। इस पर बुधवार को सुनवाई होनी है। यूपीएससी ने 31 जुलाई को एक बयान में कहा था कि उसने पूजा खेडकर की प्रोविजनल उम्मीदवारी रद्द करने का निर्णय लिया है जो कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपों का सामना कर रही हैं। यूपीएससी ने पूजा खेडकर को नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया और उनको भविष्य की सभी परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया। यूपीएससी ने यह भी कहा कि समय दिए जाने के बावजूद, पूजा खेडकर निर्धारित समय के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने में विफल रही हैं। यूपीएससी ने अपने बयान में कहा था कि उसने उपलब्ध दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच की है और पूजा खेडकर सीएसई-2022 नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन में काम करने का दोषी पाया है। सीएसई-2022 के लिए उसकी प्रोविजनल उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है। उसे यूपीएससी की सभी भावी परीक्षाओं से भी स्थायी रूप से वंचित कर दिया गया है। हाल ही में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद ही गवाह जुटा सके साहस, वह नहीं हैं साधारण व्यक्ति: हाईकोर्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। कथित शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को बरकरार रखा। कोर्ट ने गिरफ्तारी को कानूनी बताते हुए कहा, सीबीआई की कार्रवाई में कोई दुर्भावना नहीं थी। गिरफ्तारी की वजह आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो द्वारा गवाहों को प्रभावित होने से बचाना था। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को गिरफ्तार किया था। अपनी गिरफ्तारी को उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा, केजरीवाल कोई साधारण नागरिक नहीं हैं, बल्कि मैग्सेसे पुरस्कार के एक प्रतिष्ठित प्राप्तकर्ता और आम आदमी पार्टी के संयोजक हैं। गवाहों पर उनका नियंत्रण और प्रभाव प्रथमदृष्टया इस तथ्य से सिद्ध होता है कि ये गवाह याचिकाकर्ता (केजरीवाल) की गिरफ्तारी के बाद ही गवाही देने का साहस जुटा सके। पीठ ने कहा कि सीबीआई ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में उनके पद का सम्मान करते हुए जांच एजेसी ने संदेह और सावधानी के साथ काम किया।

हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में जमानत के लिए निचली अदालत में याचिका दायर करने की छूट दी है। कोर्ट ने कहा कि जब केजरीवाल ने बेंच के सामने जमानत याचिका दायर की थी, तब निचली अदालत

में आरोप पत्र दायर नहीं किया गया था। हालांकि, अब सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष आरोप पत्र दायर कर दिया है। आप नेता के लिए यह हित में होगा कि वह जमानत के लिए पहले निचली अदालत में याचिका दायर करें। हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर 17 जुलाई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि हालांकि इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि जिला अदालतों और हाई कोर्ट का समवर्ती क्षेत्राधिकार है, लेकिन साथ ही उच्चतम न्यायालय ने बार-बार कहा है कि पक्षकार को पहले प्रथम दृष्टया अदालत में याचिका दायर करनी चाहिए।

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें ईडी द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री को 20 जून को धनशोधन मामले में उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि सीबीआई मामले में गिरफ्तारी के चलते केजरीवाल जेल से बाहर नहीं आ पाए थे।

सुप्रीम फैसले से दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के गठन का रास्ता साफ, समझें एमसीडी का सियासी गणित

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एमसीडी की स्थायी समिति के गठन का रास्ता साफ हो गया है। स्थायी समिति में कुल 18 सदस्य होते हैं। इन 18 सदस्यों में 12 सदस्य वार्ड समितियों के चुनाव से चयनित होते हैं। छह सदस्यों का चुनाव सदन में होता है। फरवरी 2023 में स्थायी समिति के छह सदस्यों को चुना गया था। तब आम आदमी पार्टी के तीन और भाजपा के तीन सदस्य चुने गए थे। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद निगम सचिव सबसे पहले सभी 12 जोन की वार्ड समितियों का चुनाव कराने के लिए एक ड्राफ्ट तैयार करेंगे। इन 12 जोन की वार्ड समितियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्थायी समिति के एक सदस्य चुने जाएंगे। इसके बाद कमलजीत सहरावत, जो फरवरी 2023 में स्थायी समिति की सदस्य चुनी गई थी, उनके सांसद बनने के बाद उनकी जगह पर एक सदस्य का चयन करने के लिए चुनाव होगा। इसके बाद स्थायी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा और फिर इस समिति का गठन आधिकारिक



रूप से होगा। विपक्ष इन समितियों के चुनाव कराने की मांग कर रहा है।

सचिव को मेयर से स्वीकृत कराना होगा चुनाव का ड्राफ्ट : पूर्ववर्ती उत्तरी और पूर्वी दिल्ली नगर निगम के प्रेस और सूचना निदेशक योगेंद्र सिंह मान ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एल्डरमैन पर दिए फैसले के बाद वार्ड समिति और स्थायी समिति के गठन का रास्ता साफ हो गया है। सभी के चुनाव सिविक सेंटर में सदन में होंगे। सभी 12 जोन की वार्ड समिति के चुनाव, स्थायी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथियों के संबंध में निगम सचिव एक ड्राफ्ट तैयार करेंगे। इसमें सदस्यों के नामांकन समेत चुनाव की तिथि की जानकारी दी जाएगी। इस ड्राफ्ट को सचिव, मेयर से स्वीकृत कराएंगे।इसके बाद पांच करोड़ रुपये से अधिक के फंड के लिए तैयार परियोजनाओं को स्थायी समिति से स्वीकृति मिलेगी। 50 करोड़ या अधिक फंड से जुड़ी परियोजनाओं पर निगम के नियमों के अनुसार स्थायी समिति ही फैसला ले सकती है। इस समिति का गठन न होने के कारण कई बड़े प्रोजेक्ट जैसे नए अस्पताल, नई इंजीनियरिंग लैंडफिल साइटों के निर्माण से जुड़े प्रोजेक्ट की डीपीआर रिपोर्ट को तैयार करने में भी स्थायी समिति की स्वीकृति प्राप्त की जाती है।

शराब के नशे में निकले अफसर ने एसयूवी से मारी टक्कर, आग लगने तक घसीटता रहा बाइक

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के करोल बाग इलाके में शनिवार रात दानिक्स अधिकारी ने एसयूवी से बाइक सवार को टक्कर मार कर घायल कर दिया। आरोप है कि हादसे के बाद आरोपी अफसर बोनट में फंसी बाइक को घसीटकर करीब दो किलोमीटर तक ले गया। वाहनों में आग लगने से उसे रुकना पड़ा। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

हवा में उछला बाइक सवार : जानकारी के अनुसार, 18 वर्षीय आदित्य सुल्तानपुरी में रहता है। वह रात को रैपिडो से सवारी पटेल नगर छोड़कर सवारी लेने करोल बाग मेट्रो स्टेशन आ रहा था। इसी दौरान एसयूवी सवार आरसी मीना राजौरी गार्डन से अपने घर सिविल लाइंस आ रहा था। पूसा रोड पर गंगाराम कामेट अस्पताल के पास टक्कर हुई। इस हादसे में बाइक सवार हवा में उछल कर गिर गया।

धू-धूकर जलने लगीं दोनों गाड़ियां : प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर लगने के बाद बाइक एसयूवी के बोनट में फंस गई। चालक कुछ दूर जाकर रुक गया। फिर भीड़ देखकर भागने लगा। इसके साथ ही बोनट में फंसी बाइक घिसटते हुए चली गई। वीडियोकॉन टावर के पास एसयूवी के बोनट से चिंगारी निकलने लगी। यह देखकर चालक ने गाड़ी रोकी और तुरंत नीचे उतर गया। इस बीच दोनों वाहन आग की लपटों में घिर गये तो चालक ने दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दी। इसके बाद दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के काम में जुट गईं, लेकिन तबतक दोनों वाहन जलकर नष्ट हो चुके थे।

करोल बाग पुलिस को भी हादसे की सूचना मिली। पुलिस ने घायल बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। आरोपी एसयूवी चालक आरसी मीना का मेडिकल आरएमएल अस्पताल में कराया गया। इसके बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। हालांकि जमानती धाराएं होने की वजह से आरोपी चालक को जमानत थाने से दे दी गई। जांच से जुड़े वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेडिकल में अल्कोहल होने की पुष्टि हुई है।

सीसीटीवी में भी कैद हुई वारदात : करोल बाग पुलिस को जांच में कुछ अहम सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी मिली है। इसमें वारदात के बाद चालक वाहन के साथ भागता हुआ दिखाई दिया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। रविवार को एफएसएल एवं क्राइम टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद दोनों वाहनों की भी जांच की गई। करोल बाग थाना क्षेत्र में हुए हिट एंड रन मामले में दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने कड़ा रुख जाहिर किया है। राजनिवास के मुताबिक, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की ओर से जारी मेडिकल रिपोर्ट में अधिकारी के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। इसे देखते हुए सतर्कता निदेशालय ने अधिकारी के खिलाफ निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव किया था।

सुप्रीम कोर्ट में सिसोदिया ने कहा- 17 महीने से बंद हूं, सीबीआई बोली- शराब घोटाले में कंठ तक डूबे आप

नईदिल्ली, एजेंसी। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को लंबी सुनवाई हुई। सिसोदिया ने ट्रायल में देरी की दलील देकर सुप्रीम कोर्ट से राहत की मांग की तो सीबीआई ने यह कहते हुए विरोध किया कि उन्हें जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सिसोदिया के खिलाफ सीधे सबूत का दावा करते हुए कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम शराब घोटाले में कंठ तक डूबे हैं। मामले में आगे की सुनवाई अगले सोमवार को ही। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच के सामने मनीष सिसोदिया की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। वहीं, ईडी और सीबीआई की तरफ से एएसजी एसवी राजू ने दलीलें रखीं। सिंघवी ने राहत की अपील करते हुए सिसोदिया की तरफ से कहा, मैं हिरासत में हूं, और 17 महीनों से बंद हूं। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा, पहले के आदेशों में आपके खिलाफ कुछ तथ्य थे, जिन्हें आपने फाइल में हाइलाइट नहीं किए हैं। सिंघवी ने इस पर माफी मांगते हुए कहा कि वह इसे दुरुस्त कर लेंगे। सिंघवी ने ईडी पर देरी का आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रायल शुरू भी नहीं हुआ है। पहले के आदेश में कहा गया था कि ऐसा नहीं होने पर जमानत के लिए याचिका दायर की जा सकती है। जस्टिस विश्वनाथन



ने कहा कि आदेश को वैसा ही पढ़ें जैसा है। बार एंड बेंच के मुताबिक सिंघवी ने कहा, अक्टूबर में उन्होंने 25 हजार दस्तावेज जमा किए। 224 गवाह। यह केवल ईडी है। सीबीआई ने 294 गवाहों का हवाला दिया। कुछ ओवरलैप होंगे, कोई दिक्कत नहीं। 5031 पन्ने हैं। कोर्ट ने चौथे आरोपपत्र का संज्ञान नहीं लिया है। मैंने कानूनी अधिकार के तहत आवेदन दायर किए। दिखाइए कि मैंने कैसे देरी की। जस्टिस गवई ने पूछा कि आप दोनों केसों में जमानत मांग रहे हैं सिंघवी ने इसका जवाब हां में कहते हुए कहा कि चूंकि दोनों केसों में गिरफ्तार की गई है। सीबीआई केस में भी ट्रायल में देरी का मुद्दा उठाते हुए सिंघवी ने कहा कि सिसोदिया के विदेश भागने का खतरा नहीं है। वह गवाहों या सबूतों को प्रभावित नहीं कर सकते। सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए एएसजी एसवी राजू ने कहा कि उन्हें पहले ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए। सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि उन्होंने (सिसोदिया) यह नहीं बताया है कि क्यों प्रॉफिट मार्जिन बढ़ा दिया गया। एएसजी एसवी राजू ने कहा, वह निर्दोष व्यक्ति नहीं है जिन्हें राजनीतिक कारणों से गिरफ्तार कर लिया गया, बल्कि घोटाले में कंठ तक डूबे हुए हैं। सबूत उनकी सीधी संलिप्तता दिखाते हैं। वह 18 विभागों के साथ उपमुख्यमंत्री थे और इन सब चीजों के लिए जिम्मेदार हैं।

पेरिस ओलंपिक

निखत जरीन का भारत लौटने पर स्वागत, कहा, मैं मजबूत होकर वापसी करूंगी

पेरिस, एजेंसी। भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन का पेरिस ओलंपिक से भारत लौटने पर शमशाबाद में एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। पेरिस ओलंपिक में भारत की पदक की सबसे बड़ी उम्मीदों में एक निखत जरीन का अभियान प्री-क्वार्टर फाइनल तक ही रहा था। ओलंपिक में निखत को महिलाओं के 50 किग्रा राउंड ऑफ 16 में 5-0 से हार मिली थी। अब निखत स्वदेश लौट आई हैं। इस अवसर पर निखत का माला और शाल पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान निखत ने कहा, मुझे ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। मैंने कड़ी मेहनत की और मैं मजबूत होकर वापसी करूंगी। मैं अपनी गलतियों से सबक लूंगी। मैं तेलंगाना सरकार का भी धन्यवाद अदा करना चाहती हूं। निखत जरीन ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में ओलंपिक पदक जीतने के अपने सपने की विफलता पर गहरा दुख व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, त्याग और अटूट दृढ़ संकल्प के बावजूद वह अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर सकीं।

नौकायन में नेत्रा 21वें स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई करने से चूकीं, पदक की उम्मीद टूटी

पेरिस, एजेंसी। क्वालिफाइंग चरण में कुल 10 दौड़ होती हैं जिसके बाद पदक दौड़ की लिस्ट तय की जाती है। हालांकि, 10वीं दौड़ खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई। नियम के अनुसार, क्वालिफाइंग दौड़ के बाद समय के मामले में केवल शीर्ष 10 ही पदक दौर में पहुंचते हैं। नेत्रा क्वालिफाइंग दौड़ के बाद 21वें स्थान पर रहीं। पेरिस ओलंपिक का 10वां दिन भारत के लिए कुछ खास नहीं रहा। बैडमिंटन और कुश्ती में पदक की उम्मीद टूटने के बाद नौकायन में भी झटका लगा। भारतीय महिला नौकायन खिलाड़ी नेत्रा कुमानन सोमवार को व्यक्तिगत डिंगी स्पर्धा में नौवीं क्वालिफाइंग दौड़ के बाद 21वें स्थान पर रहीं। वह अब पदक की दौड़ से बाहर हो गई हैं। बता दें कि क्वालिफाइंग चरण में कुल 10 दौड़ होती हैं जिसके बाद पदक दौड़ की लिस्ट तय की जाती है। हालांकि, 10वीं दौड़ खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई। नियम के अनुसार, क्वालिफाइंग दौड़ के बाद समय के मामले में केवल शीर्ष 10 ही पदक दौर में पहुंचते हैं। नेत्रा क्वालिफाइंग दौड़ के बाद 21वें स्थान पर रहीं।

नेत्रा ने नौवीं क्वालीफाइंग रेस में 43 प्रतिभागियों में से 10वें स्थान हासिल किया। इसी के साथ वह ओवरऑल तालिका में तीन स्थान के सुधार के साथ 21वें स्थान पर पहुंची। अपना दूसरा ओलंपिक खेल रही नेत्रा का पेरिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पहली क्वालिफाइंग रेस में था जिसमें वह छठे स्थान पर रहीं थीं। उनका सबसे खराब प्रदर्शन आठवीं रेस में था जहां वह निराशाजनक 31वें स्थान पर रहीं।

पदक से चूकने के बाद लक्ष्य सेन ने जताई निराशा, बोले- मेरे लिए जवाब ढूंढ़ना मुश्किल था..

पेरिस, एजेंसी। पहला गेम भारतीय शटलर ने 21-13 से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरे गेम में एक वक्त लक्ष्य ने 8-2 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, इसके बाद मलयेशियाई खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी की और 11-8 से बढ़त बनाने के बाद दूसरे गेम को 21-16 से अपने नाम किया। इसके बाद तो तीसरे और निर्णयाक गेम में ली जिया पूरी तरह हावी रहे और 21-11 से अपने नाम किया। भारत की बैडमिंटन में पदक की एकमात्र उम्मीद लक्ष्य सेन की हार से खत्म हो गई। सोमवार को मलयेशिया के ली जी जिया ने भारतीय स्टार को हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। इस मैच में हार के बाद लक्ष्य ने निराशा जताई। पहला गेम भारतीय शटलर ने 21-13 से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरे गेम में एक वक्त लक्ष्य ने 8-2 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, इसके बाद मलयेशियाई खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी की और 11-8 से बढ़त बनाने के बाद दूसरे गेम को 21-16 से अपने नाम किया। इसके बाद तो तीसरे और निर्णयाक गेम में ली जिया पूरी तरह हावी रहे और 21-11 से अपने नाम किया। साथ ही मैच के साथ-साथ कांस्य पदक भी अपने नाम किया।

अविनाश साबले ने रचा इतिहास

3000 मीटर स्टीपलचेज के फाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय बने

पेरिस, एजेंसी। अविनाश साबले ने सोमवार (5 अगस्त) को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाकर भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। 8:15.43 मिनट का समय निकालकर साबले अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहे। इससे उन्हें इस स्पर्धा में शीर्ष 15 प्रतियोगियों में जगह मिली।

स्टीपलचेज प्रतियोगिता में तीन हीट होती हैं, जिसमें प्रत्येक हीट से शीर्ष पांच एथलीट फाइनल राउंड में पहुंचते हैं। साबले ने पिछले महीने पेरिस डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 8:09.91 मिनट का समय निकालकर सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन किया था। पेरिस ओलंपिक में साबले की हीट में मोरक्को के मोहम्मद टिंडौफ्ट का दबदबा रहा। वह 8:10.62 मिनट के समय के साथ शीर्ष पर रहे। उनके ठीक पीछे इथियोपिया के सैमुअल फिरेवु थे, जिन्होंने 8:11.61 मिनट का समय मिकालकर दूसरा स्थान हासिल किया।

साबले का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा

केन्या के अब्राहम किबिवोट 8:12.02 मिनट के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि जापान के रयुजी मिउरा ने 8:12.41 मिनट के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। 15 फाइनलिस्ट्स के ओवरऑल टाइमिंग को देखते हुए क्वालिफाइंग राउंड में साबले का प्रदर्शन प्रभावशाली था।

भारतीय एथलीट ने हीट की शुरुआत ठीक एक लैप तक सबसे आगे रहकर की। इसके अंत में केन्या के अब्राहम किरीवोट ने उनको आसानी से पीछे छोड़ दिया। साबले धीरे-धीरे पांचवें स्थान पर आ गए,जो क्वालिफिकेशन के लिए अंतिम स्थान था।

फाइनल में अच्छा प्रदर्शन लक्ष्य

क्वालिफाइंग रेस को लेकर साबले ने बताया कि उनका पहला लक्ष्य फाइनल के लिए क्वालिफाई करना था।

अगला लक्ष्य इसमें अच्छा प्रदर्शन करना है। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, रेस अच्छी रही। पहला लक्ष्य फाइनल में जाना था। अगला लक्ष्य इसमें अच्छा प्रदर्शन करना है।

साबले ने क्या कहा?

टोक्यो ओलंपिक में अपने हीट में सातवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में असफल रहने के बाद से साबले ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, एशियाई खेलों के बाद अक्टूबर-नवंबर से ही मैंने कड़ी मेहनत की है।

पिछले ओलंपिक में मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। इस ओलंपिक में मुझे कुछ करना है। देखते हैं। बाकी मेहनत मेरी तरफ से अच्छी है। मुझे मानसिक रूप से तैयार होना है और अच्छा प्रदर्शन करना है। मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।

पेरिस ओलंपिक

कोच वीरेंद्र दहिया ने कोरियाई खिलाड़ी को ठहराया निशा दहिया की चोट का जिम्मेदार

पेरिस, एजेंसी। निशा के लिए यह मुकाबला बेहद दर्दनाक साबित हुआ। उन्होंने तीन मिनट तक 8-1 की बढ़त बना ली थी। फिर उत्तर कोरियाई पहलवान ने निशा को मैट से बाहर कर एक अंक अर्जित किया और स्कोर 8-2 हो गया। जब मुकाबले को खत्म होने में 33 सेकंड बचे थे, तभी निशा चोटिल हुई।

भारत की स्टार पहलवान निशा दहिया महिलाओं की 68 किग्रा स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में चोटिल हो गई। सोमवार को उनका सामना उत्तर कोरिया की पाक सोल गम से हुआ। इस मैच के दौरान निशा के दाएं हाथ में गंभीर चोट आई जिसकी वजह से उन्हें मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। अब महिला पहलवान की चोट पर राष्ट्रीय टीम के कोच वीरेंद्र दहिया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उत्तर कोरिया की खिलाड़ी को इस चोट का जिम्मेदार ठहराया है।

राष्ट्रीय टीम के कोच ने लगाया बड़ा आरोप

वीरेंद्र दहिया ने समाचार एजेंसी से बात करते बताया कि उत्तर कोरिया की खिलाड़ी पाक सोल गम ने जानबूझकर निशा को चोट पहुंचाई। उन्होंने कहा, यह शत प्रतिशत जानबूझकर किया गया था, उसने जानबूझकर निशा को चोट पहुंचाई। हमने देखा था, कोरियाई कोने

से एक निर्देश आया था जिसके बाद उसने कलाई की जोड़ के पास पर हमला किया। उसने निशा से पदक छीन लिया। जिस तरह से निशा ने शुरुआत की थी, पदक उसके गले में था और उसे छीन लिया गया है। निशा रक्षण और जवाबी हमले दोनों में शानदार थी उसने एशियाई क्वालीफायर में उसी पहलवान को हराया था।

चोटिल होने की वजह से हारीं निशा

निशा के लिए यह मुकाबला बेहद दर्दनाक साबित हुआ। उन्होंने तीन मिनट तक 8-1 की बढ़त बना ली थी। फिर उत्तर कोरियाई पहलवान ने निशा को मैट से बाहर कर एक अंक अर्जित किया और स्कोर 8-2 हो गया। जब मुकाबले को खत्म होने में 33 सेकंड बचे थे, तभी निशा चोटिल हुई। मैच को रोका गया और उनके हाथ पर बैंड पहनाया गया। हालांकि, बैंड बांधना निशा के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ। उत्तर कोरिया की पहलवान ने इस मौके का फायदा उठाया और 11 सेकंड में चार अंक हासिल किए और स्कोर 8-8 से बराबर हो गया। जब मैच खत्म होने में 12 सेकंड बचे थे। तभी निशा को ज्यादा दर्द होने लगा और मैच फिर रोका गया।

फीजियो ने निशा का इलाज किया, लेकिन निशा को देखकर लग रहा था कि उनके दाएं हाथ में काफी तेज दर्द था। वो उस वक्त रोने लगीं। हालांकि, कोच ने निशा से कहा कि अभी भी आप जीत सकती हैं। अगर स्कोर 8-8 की बराबरी पर रुका होता तो निशा सेमीफाइनल में पहुंच जातीं। हालांकि, आखिरी 12 सेकंड में उत्तर कोरियाई पहलवान ने दो अंक हासिल किए और मैच 10-8 से अपने नाम किया।

बांग्लादेश टीम का पाकिस्तान दौरा टला

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में अस्थिरता की आंच क्रिकेट पर भी पड़ी है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार (5 अगस्त) को बांग्लादेश ए टीम का पाकिस्तान दौरा 2 दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। स्थिति देखकर आगे का फैसला लिया जाएगा। बांग्लादेश ए टीम को पाकिस्तान ए (शाहिन) के खिलाफ दो चार दिवसीय और तीन एक दिवसीय मैच खेलने के लिए मंगलवार (6 अगस्त) शाम को पाकिस्तान के लिए रवाना होना था।

खबरें हैं कि खेल मंत्री और बीसीबी के अध्यक्ष नजमुल हसन ने भी देश छोड़ दिया है। पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा के घर में भी तोड़फोड़ की गई है। उसे आग लगा दी गई है। दोनों शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सांसद हैं।

पाकिस्तान दौरे को लेकर बीसीबी ने बयान में कहा, ÷बांग्लादेश ए टीम की पाकिस्तान दौरा में कम से कम 48 घंटे के लिए टाल दिया गया है, क्योंकि हालात ठीक नहीं हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ए टीम के दौरे को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से लगातार संपर्क में है। पूर्व टेस्ट कप्तान मुशफिकुर रहीम, मोमिनुल हक, शहादत हुसैन, जाकिर हसन, महमूदुल हसन, नईम हसन और हसन महमूद, दो मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए पाकिस्तान जाने वाले थे। वहां पाकिस्तान शाहिन के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच के लिए बांग्लादेश ए टीम का हिस्सा थे। इसके बाद स्वदेश लौट आएंगे।

बांग्लादेश में बवाल

भारत में हो सकता है महिला टी-20 वर्ल्ड कप, आईसीसी जल्द लेगा फैसला

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में हुए हालिया घटनाक्रमों ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को 2024 महिला टी20 विश्व कप को लेकर असमंजस में डाल दिया है। देश में आंतरिक अशांति ने अक्टूबर में होने वाले वैश्विक आयोजन की सुरक्षा को लेकर आईसीसी के मुख्यालय दुबई में चिंता पैदा कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार अगर बांग्लादेश से टूर्नामेंट की मेजबानी ले ली जाती है तो यह चौंकाने वाला फैसला नहीं होगा। देश में लंबे समय से कर्फ्यू है। इंटरनेट बंद होने के साथ-साथ दंगे,आगजनी और हिंसा हो रही है। आईसीसी एक सप्ताह में फैसला ले सकता है। अन्य विकल्पों में भारत एक मजबूत दावेदार है।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी), उनकी सुरक्षा एजेंसियों और अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ समन्वय में आईसीसी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। हमारी प्राथमिकता सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और भलाई है।

बांग्लादेश के टाइम जोन वाला देश का चयन हो सकता है

दस टीमों को 3 से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश के ढाका में शेरे बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 18 दिनों में 23 मैच खेलने हैं। लेकिन मौजूदा हालात में टूर्नामेंट का आयोजन मुश्किल लग रहा है। आईसीसी टूर्नामेंट के लिए बांग्लादेश के टाइम जोन वाला देश चुन सकता है। भारत के अलावा, यूएई और श्रीलंका भी इस आवश्यकता को पूरा करते हैं।

विश्व कप के लिए पर्याप्त समय

आईसीसी एक सदस्य ने कहा, अगर यह स्पष्ट हो जाता है कि हम बांग्लादेश में नहीं खेल सकते हैं,तो अनुकूल मौसम वाले सभी स्थानों पर विचार किया जाएगा। ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी। कोलंबो में हाल ही में हुए बैठक के बाद आईसीसी अधिकारियों ने कहा था कि वे देश में स्थिति पर नजर रख रहे हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे, क्योंकि विश्व कप के लिए पर्याप्त समय है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक में होगा फैसला

हाल ही में स्थिति गंभीर हो गई है। उम्मीद है कि आईसीसी जल्द ही ढाका और सिलहट में टूर्नामेंट आयोजित करने की स्थिति पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अधिकारियों से बात करेगा। बीसीबी अधिकारियों से मिलने वाली जानकारी महत्वपूर्ण होगी, लेकिन आईसीसी बोर्ड की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है।

फैन ने जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा से लगाई पाकिस्तान से खेलने की गुहार, मिला चौंकाने वाला जवाब

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज़ के लिए जिम्बाब्वे का दौरा किया था. इस सीरीज़ में शुभमन गिल ने टीम इंडिया की कप्तानी की थी, जबकि ऑलराउंडर सिकंदर रजा जिम्बाब्वे की कमान संभालते हुए दिखाई दिए थे. जिम्बाब्वे के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सिकंदर रजा एक पाकिस्तानी हैं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर सिकंदर रजा को टैग करते हुए एक यूजर ने पूछा, क्या आपने कभी पाकिस्तान के लिए खेलने का सोचा है? आप मिडिल ऑर्डर की बल्लेबाजी समस्याओं को सुलझाने में मदद कर सकते हैं. पाकिस्तानी यूजर के इस सवाल का सिकंदर रजा ने बहुत ही दिलचस्प जवाब दिया. जिम्बाब्वे के कप्तान ने रिप्लाई करते हुए लिखा, मैं जन्मजात पाकिस्तानी हूं और जिम्बाब्वे क्रिकेट का उत्पाद हूं. मैं सिर्फ और हमेशा जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व करूंगा.

एथलीटों का शरीर तोड़ रहा ओलिम्पिक, चोटों के साथ खेल रहे प्लेयर्स

पेरिस, एजेंसी। मारियाना पाजोन दुनिया के सबसे कुशल बी.एम.एक्स. राइडर्स में से एक हैं जोकि 18 विश्व चैम्पियनशिप, 2 ओलिम्पिक स्वर्ण पदक (2012 और 2016 में) और 2021 में टोक्यो में एक रजत जीत चुकी है। कोलम्बियाई मूल की पाजोन ने इसे पाने के लिए बहुत शरीरिक दर्द सहा है। उनके शरीर में 25 फ्रैक्चर हो चुके हैं। 12 जगह स्क्रू डाले गए हैं जबकि 8 की सर्जरी हो चुकी है।

उनके बाएं हाथ और घुटने में कई धातु की रॉड डली हुई है जिसके चलते उन्हें अपना एक्सरे हमेशा साथ रखना पड़ता है ताकि यात्रा के दौरान दिक्कत न हो। पाजोन कहते हैं- मेरे जोड़ 80 से अधिक साल के व्यक्ति के हैं। जबकि मेरी उम्र 32 साल ही है। 4 साल की उम्र से सक्रिय पाजोन भले ही अब प्रभावशाली प्लेयरों में से एक है लेकिन इतने सालों में चोटों के कारण उन्होंने अपने शरीर को खराब कर लिया है।

यही नहीं, कुश्ती, रग्बी या जिमनास्टिक में ऐसे अनेकों उदाहरण सामने आती हैं जहां प्लेयर के कंधे टूट जाते हैं। उनके शरीर में धातु के स्क्रू और टाइटेनियम प्लेट्स डली हुई होती है। पाजोन बोली- एक सपने को हासिल करने के लिए आप अपने शरीर से क्या देते हैं, इसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। टोक्यो में फ्रीस्टाइल कुश्ती (74 किलोग्राम) में कांस्य पदक जीतने वाले अमरीकी

काइल डेक ने कहा कि बहुत से एथलीट्स अपने शरीर को उस ब्रेकिंग प्वाइंट पर ले जाते हैं जहां वह देखना चाहते हैं कि इससे आगे क्या होगा। मुझे मेरी सीमाएं मिल गई हैं। अब मुझे पता है कि कहां जाना है और कहां नहीं। अपने खेल की प्रकृति के कारण पाजोन और डेक जैसे ओलिम्पियनों ने बहुत कुछ सहा है। पाजोन कहती हैं कि बी.एम.एक्स. रेसिंग में स्पीड कई बार 35 मील प्रति घंटे से अधिक हो जाती है। इसपर कोई अंकुश नहीं होता।

आपकी कलाई, कोहनी, कंधे, पीठ, घुटने, टखने हमेशा निशाने पर होते हैं लेकिन एक तकनीक होती है जो आपकी बचाकर रखती है लेकिन इसके आपको खूब मेहनत करनी पड़ती है। इसी तरह जिम्नास्टिक में जोड़ों पर लगातार भारी दबाव पड़ता है। मुक्केबाजी में शरीर पर घूंसे मारे जाते हैं। कुश्ती में शरीर को मोड़कर चटाई पर पटक दिया जाता है।

रग्बी सेवन्स में खिलाड़ी अक्सर पूरी गति से दौड़ते हुए एक-दूसरे से निपटते हैं। फील्ड हॉकी में स्टिक ऊंगलियों को इतनी जोर से कुचल सकती है कि इसे काटना तक पड़ सकता है। घुड़सवारी के खेल में घोड़ों से गिरने से सवारों के शरीर पर चोट लगती है। अमरीका के 44 वर्षीय बॉयड मार्टिन की 22 सर्जरी हुई हैं और 19 हड्डियां टूटी हैं।

सभी पात्र विद्यार्थियों को मिले छात्रवृत्ति का लाभ : कलेक्टर

टीएल बैठक में हुई लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को टीएल बैठक में अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई बैठक में टीएल व जनसुनवाई सहित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान गत सप्ताह में एक भी प्रकरण का निराकरण नहीं करने वाले विभाग के अधिकारियों को बैठक में नोटिस भी जारी किया गया। जिला कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि नियमित रूप से शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से अधिकारी स्वयं मॉनीटरिंग कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस संबंध में अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी अवगत कराया जाए।

उन्होंने कहा कि नोटिस के बावजूद कार्य में लापरवाही बरतने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही भी की जाएगी। इसलिए सभी अधिकारी आमजनों की वाजिब शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करें और शिकायतकर्ता से संवाद कर विश्वास भी जागृत करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अधिक संख्या में लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जाहिर की और अविलंब शिकायत निराकरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी तरह लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के शिकायत निराकरण के संबंध में विषयवार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के क्षेत्र से संबंधित शिकायतों का वर्गीकरण कर निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 500 एवं 1000 दिवस से अधिक समय की लंबित शिकायतों का भी अविलंब निराकरण करें। टीएल बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम की नागरिक सेवाओं के भी समय पर लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिला कलेक्टर ने विभागवार लंबित विषयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लाभ से लाभांवित करने के लिए कहा। इस संबंध में विद्यार्थियों के दस्तावेजों में कमियों का चिन्हांकन कर दुरूस्त कराने और प्राचार्य व शिक्षकों को भी कार्य में रूचि लेकर जरूरी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। गत दिवस अति वर्षा के कारण बाढ़ राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य कर व रेस्क्यू के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर लोगों को पहुंचाने पर सराहना भी की। आगामी दिनों में भी किसी अप्रिय स्थिति में समन्वय व टीम वर्क के साथ काम करने की अपेक्षा की।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि प्रत्येक माह की 8, 9 एवं 10 तारीख को शासकीय उचित मूल्य दुकानों से नोडल अधिकारी की उपस्थिति में राशन का वितरण सुनिश्चित कराया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुकानों पर समय से राशन का परिवहन करना भी सुनिश्चित करें और अव्यवस्थाओं को भी ठीक करने की कार्यवाही की जाए।

बैठक में फसल उपार्जन के भुगतान, राजस्व महाअभियान के कार्य में पटवारियों की नियमित रूप से उपस्थित सुनिश्चित कराने, समग्र-खसरा लिंकिंग व ई-केवायसी कार्य में तेजी लाने, केन-बेतवा लिंक परियोजना एवं निर्माणाधीन रेलवे लाइन के मुआवजा वितरण कार्य की समीक्षा की गई। केन-बेतवा परियोजना में पन्ना एवं गुनौर तहसील अंतर्गत प्रभावित लोगों का आगामी 15 दिवस में मुआवजा वितरण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण के लिए नियुक्ति अधिकारियों को विद्यालयों के निरीक्षण के साथ विद्यालय के विकास के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त जर्जर भवनों की स्थिति से अवगत कराने, छात्रावासों के भवन व शैक्षणिक संस्थाओं के भवनों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। पौधरोपण महाअभियान की समीक्षा कर वन विभाग के अधिकारी को सभी रोपे गए पौधों की फोटो वायुदूत एप पर अपलोड करने, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शुरू कार्यों को निरंतर जारी रखने, खाद-बीज की उपलब्धता व संक्रामक रोगों से बचाव की तैयारी सहित बोवनी की स्थिति, डिजिटल गिरदावरी के लिए सर्वेयर की नियुक्ति संबंधी कार्यवाही, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण सहित यहां सर्पदंश से बचाव के इंजेक्शन की उपलब्धता तथा अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों की विभागवार रिक्त स्थिति के बारे में अवगत कराने के लिए कहा। इसी तरह आगामी 12 अगस्त तक असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पात्रता पर्ची उपलब्ध कराने, समग्र पोर्टल पर पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी की जानकारी, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हाथ से मेला ढोने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास के संबंध में वार्डवार सर्वेक्षण व चिन्हांकन कार्य सहित राजस्व महाअभियान के कार्यों की प्रगति के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक

पन्ना। जिले में आगामी 15 अगस्त को 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लासपूर्वक एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, रक्षित निरीक्षक एवं यातायात प्रभारी व संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के लिए आवश्यक दायित्व सौंपे गए। बताया गया कि शासकीय कार्यालयों में ध्वज संहिता का पालन कर सुबह 7.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। इस दौरान आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं सहित वॉटरप्रूफ टेंट लगाने, कार्यक्रम संचालन और ग्राम पंचायत स्तर पर एवं समस्त शासकीय व निजी स्कूल में भी कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकतंत्र सेनानी व पदक विजेता खिलाड़ियों को ससम्मान आमंत्रित करने, 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन, पुरस्कार वितरण और कार्यक्रम स्थल पर छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा हुई। इसके साथ ही बारिश के दृष्टिगत सांस्कृतिक कार्यक्रम निरस्त होने पर टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। स्वतंत्रता दिवस की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को होगी।

नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर को

राजीनामा के जरिए प्ररकणों के निराकरण के संबंध में हुई बैठक

पन्ना। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ के मार्गदर्शन में आगामी 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। सोमवार को जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की उपस्थिति में जिला न्यायालय के एडीआर भवन में हुई बैठक में लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम के सदस्यगण उपस्थित रहे।

जिला न्यायाधीश श्री बंशकार द्वारा बैठक में शनिवार, 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत के आयोजन के लिए पक्षकारों को राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण में होने वाले लाभ के संबंध में अवगत कराने और लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण कराने के संबंध में निर्देशित किया गया। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करण सिंह, पवन पाण्डेय, असिस्टेंट विजय लक्ष्मी, रोहित नायक एवं शशांक चतुर्वेदी भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लाभ के लिए आवेदन आमंत्रित

पन्ना। अटल भू-जल योजना के तहत चयनित विकासखण्ड अजयगढ़ में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर एवं स्प्रिंकलर सिंचाई के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। योजना अंतर्गत 2 हेक्टेयर से अधिक भूमिधारक सभी वर्ग के बड़े कृषकों को 45 प्रतिशत और 2 हेक्टेयर से कम भूमिधारक लघु सीमांत कृषकों को 55 प्रतिशत अनुदान निर्धारित इकाई लागत पर प्रदान किया जाएगा।

रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला चिकित्सालय पन्ना की रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस मौके पर चिकित्सालय में मूलभूत व्यवस्थाओं और मरीजों की सुविधाओं के संबंध में जरूरी प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। साथ ही आय पत्रक और व्यय राशि तथा सुविधाओं के दुरूपयोग रोकने के संबंध में चर्चा कर ऑक्सीजन सिलेण्डर, कंसेनट्रेटर और फाउलर बेड की सेवाओं के लिए प्रतिदिन का निर्धारित शुल्क और डिपॉजिट राशि निर्धारित की गई। जिला कलेक्टर द्वारा विभिन्न दुकानों के आवंटन व अधिकार पत्र के संबंध में जानकारी लेकर और संबंधित को नोटिस प्रदान कर दस्तावेज प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में रोगी कल्याण समिति के माध्यम से निर्मित दुकान क्रमांक 03, 08 एवं 45 का आवंटन निरस्त करने के उपरांत रिक्त कराने पर भी विचार विमर्श किया गया। साथ ही जिला चिकित्सालय के ऑपरेशन थियेटर में कायाकल्प मूल्यांकन अनुसार कार्य कराने, आयुष्मान योजना से प्राप्त राशि से ऑक्सीजन पाइप लाइन लगावाने, मेजर ओटी एवं अन्य वार्डों में उपयोगी सामग्री क्रय करने सहित अन्य कार्यों, एनआरसी परिसर एवं ब्लड बैंक में सीसीटीवी कैमरा लगवाने व समिति की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों पर भी चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना नामदेव, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

वृक्षों का जीवन विद्युत तारों के नीचे कैसे रहेगा सुरक्षित, चिंता का विषय

पन्ना

नपा प्रशासन के द्वारा नगर के अंदर भावी समय को ध्यान में रखकर कार्य योजना हर कार्य की होना लाजमी है। आखिर बिना प्लानिंग के तथा भविष्य को ध्यान में न रखते हुये जो कार्य किये जाते है वह आने वाले समय में स्वयं ही समस्या का रूप बन जाते है जैसे कि उदाहरण के तौर पर नगर के डायमण्ड चौक से ब्लाक तिराहे की ओर जाने वाली मुख्य सड़क में सागौन के पौधे जो लगाये गये थे तत्कालीन समय में वह आज वृक्ष बन गये। जो स्वयं ही बयां कर रहे हालात विद्युत तारों के नीचे ये वृक्ष अपने जीवन के संकट का आमंत्रण स्वयं ही अपनी उचाई को लेकर जाने जायेंगे वहीं विद्युत तारों को भी इनसे क्षति के हालात बनने को नकारा नहीं जा सकता। आखिर जहां विद्युत तारों के नीचे वृक्षारोपण के नाम पर सागौन के पौधों को जो लगाया गया था वह लगाते वक्त समय जो भी रहा हो पर भावी समय का ख्याल नहीं रखा गया आगे यह पौधे वृक्ष बनकर विद्युत लाईन के लिये जहां स्वयं संकट बनेंगे वहीं विद्युत लाईन से स्वयं वृक्षों का जीवन संकट भरे हालात को लेकर जाना जायेगा। आखिर ऐसे कार्य जो बिना प्लानिंग भावी भविष्य को ध्यान में रखकर न किया जाना ही समस्या स्वयं ही बन जाती है। आज ये वृक्ष स्वयं साक्षी है किस तरह से विद्युत लाईन के तारों के नीचे ये सागौन के वृक्ष अपने आने वाले समय में स्वयं के जीवन को लेकर मौत का आमंत्रण वहीं किसी भी क्षण विद्युत के लिये बाधक बनने में नकारा नहीं जा सकता। आखिर नपा प्रशासन या विद्युत विभाग दोनों को संबंधित जगह का निरीक्षण कर स्वयं ही भावी परिणाम समय को ध्यान में रखकर निश्चित करना लाजमी है ताकि समय रहते वृक्षों के जीवन को बचाते हुये वहीं विद्युत का प्रवाह जो प्रदान किया जाता है वह भी बाधित न हो इस जगह में जो पौधे नगर की सुंदरता के लिये अपने निश्चित आकार में बने रहते है उन्हें स्थापित करना चाहिये। ताकि नगर की सुंदरता व पर्यावरण दोनों भी जाने जायें वहीं इन वृक्षों का जीवन भी सुरक्षित हो नगर की विद्युत व्यवस्था भी बाधित न हो देखना यह है कि जिम्मेदार आखिर कब करेंगे गौर।

लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 3-3 दिवस के मानदेय की होगी कटौती

पन्ना। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर ने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन में लापरवाही बरतने पर बाल विकास परियोजना पवई अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र शिकारपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गौरी बाई और सहायिका शकुन बाई का माह अगस्त 2024 का तीन-तीन दिवस के मानदेय कटौती की कार्यवाही की है। साथ ही भविष्य में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के संबंध में अनियमितताएं पाए जाने पर सेवा समाप्ति की चेतावनी भी जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय द्वारा आज दोपहर में आंगनबाड़ी केन्द्र शिकारपुरा का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान केन्द्र में दर्ज 39 बच्चों में से मात्र 8 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन से संबंधित पंजी संधारित नहीं पाए जाने पर और अन्य अनियमितताओं पर मानदेय कटौती एवं चेतावनी जारी करने की कार्यवाही की गई है।

आदिवासी मजदूर की चमकी किस्मत, मिला अब तक का सबसे बड़ा हीरा

पन्ना। एमपी के पन्ना जिले की कृष्णा कल्याणपुर पटी की उथली हीरा खदान से 19 कैरेट 22 सेंट के वजन का हीरा मिला है। हीरे की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जाती है। यह हीरा भीषण गरीबी में गुजारा करने वाले चुनवादा आदिवासी निवासी अहिरगुवा को मिला है।

हीरा मिलने से अत्यधिक प्रसन्न मजदूर आदिवासी परिवार ने बताया कि मैंने 6 मई 2024 को विधिवत हीरा कार्यालय से खदान खोदने के लिए पट्टा लिया था और तभी से खुद परिवार सहित मेहनत कर खदान खोदना शुरू किया था। भीषण गर्मी के बावजूद भी खदान खुदाई का कार्य करते रहे। हम

लोगों को उम्मीद थी कि भगवान हमें इस खदान से कुछ ना कुछ जरूर देगा। ऊपर वाले ने हमारी सुन ली साथ ही हमारी उम्मीद से अधिक भगवान ने छप्पर फाड़ कर हमें दे दिया। हीरा मिलने के उपरांत अहिरगामा के आदिवासी टोला में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

हीरा के जानकारों के अनुसार इस नायाब हीरे की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ तक की हो सकती है। हीरा मिलने के उपरांत आदिवासी द्वारा आज बुधवार दोपहर में जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट स्थित हीरा कार्यालय में उक्त उज्जवल, जेम क्वालिटी का हीरा जमा किया हीरा।

वर्ष 2024 की बात करें तो इस वर्ष विगत 7 माह में मिलने वाले हीरो में यह सबसे बड़ा हीरा मिला है जो आज हीरा कार्यालय में जमा किया गया है। इस वर्ष जैम क्वालिटी के 8 हीरे जमा हुए हैं जिनका कुल वजन 59.65 कैरेट का है।

आज हीरा कार्यालय में 19 कैरेट 22 सेंट के वजन का हीरा जमा किया गया है। जो हीरा उज्जवल जैम क्वालिटी का है

रविपटेल हीरा एवं खनिज अधिकारी पन्ना

कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में नगरीय निकायों की रैंक बेहतर करने के संबंध में दिए निर्देश

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जिले के नगरीय निकायों की रैंकिंग में सुधार और इसे विभिन्न गतिविधियों व नवाचार के जरिए बेहतर करने के संबंध में जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सामूहिक जनसहभागिता व जागरूकता कार्यक्रमों जैसे समन्वित प्रयास की भी आवश्यकता है। जिले के समस्त सात नगरीय निकायों में स्वच्छता के विभिन्न मानदण्डों पर सर्वेक्षण में भाग लेने की तैयारी की जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण का उद्देश्य शहरों में स्वच्छता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना है। बैठक में अव्वल रैंकिंग के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालयों के निर्माण व रखरखाव, उपयोगित जल प्रबंधन के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा निकायों में चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा भी की गई, जिसके तहत निर्माण कार्यों सहित भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, वर्षाकाल में एवं इसके उपरांत सड़क मरम्मत व कायाकल्प अभियान, पौधरोपण अभियान, पीएम स्वनिधि योजना, स्वनिधि से समृद्धि योजना, नालों में अतिक्रमण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही, संबल पंजीयन, समग्र ई-केवायसी, पेंशनर्स आधार ई-केवायसी तथा आयुष्मान कार्ड प्रगति के संबंध में चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए गए।

गांजा की अवैध रूप से खेती कर विक्रय करने वाले आरोपी को 02 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25000 रु. जुर्माना

पन्ना। जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी /सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 20.12.2018 को उपनिरीक्षक नम्रता सोधिया ने थाना गुनौर में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख किया कि दिनांक 20.12.2018 बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना ग्राम जूडीतपे में रमाकांत बोहरे, हल्काई दहायत के घर के आंगन में अवैध मादक पदार्थ गांजा के हरे पौधे लगाकर बिकी कर धनोपार्जन करने की सूचना की तस्दीक एवं जप्ती कार्यवाही हेतु मय हमराही बल के ग्राम जूडीतपे पहुंचकर संदेही रमाकांत बोहरे को उसके घर से तलब किया, जो उपस्थित आया, जिसे मुखबिर की सूचना के बारे में अवगत कराया तथा सहमति लेकर मकान तलाशी पंचनामा बनाया। स्वयं का व स्टाफ की तलाशी दिया, मकान में प्रवेश कर आंगन में हरे पेड़ लगे के लगे थे. जिसकी पहचान की जो गांजा मादक पदार्थ के रूप में पहचान हुई। गांजे की पत्तियों को रगडकर सूंघा एवं साक्षियों को दिखाया सुघाया जो मादक पदार्थ गांजा होना बताने पर पंचनामा तैयार किया गया। मादक पदार्थ गांजा का कुल वजन 14.570 किलोग्राम पाया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना गुनौर में अपराध धारा 8/20 एन.डी.पी. एस. एक्ट के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई। विवेचना के दौरान सुसंगत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया। आरोपी को गिरफतार किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत इस न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी रमाकांत बोहरे को धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट में 02 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

आंगनवाड़ी, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को मिलेगा बीमा योजना का लाभ

पन्ना

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ अब आंगनवाड़ी, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को भी मिलेगा। दोनों बीमा योजनाओं का क्रियान्वयन आंगनवाड़ी, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिका के मानदेय जमा किये जाने वाले बैंक खाते से संबंधित बैंक शाखा द्वारा किया जायेगा। बीमा योजना की प्रीमियम राशि उनकी सहमति से काटी जायेगी, जिसकी प्रतिपूर्ति भारत सरकार 60 प्रतिशत तथा राज्य सरकार 40 प्रतिशत वित्तीय व्यय भार अनुसार की जायेगी। योजना के तहत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं को 436 रूपये प्रति हितग्राही वार्षिक प्रीमियम के भुगतान से, किसी कारण से मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये का जीवन जोखिम कवर किया जायेगा।

योजना में 18 से 59 आयु वर्ग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं को 20 रूपये प्रति हितग्राही वार्षिक प्रीमियम के भुगतान से दुर्घटना में मृत्यु एवं स्थाई पूर्ण अपंगता की स्थिति में 2 लाख तथा आंशिक किन्तु स्थाई अपंगता की स्थिति में एक लाख रूपये की राशि का प्रावधान है।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 07 अगस्त 2024 | 8

उत्तरप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल भोपाल प्रवास पर हैं। राज्यपाल श्रीमती पटेल से प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने राजभवन भोपाल में सौजन्य भेंट की।

सिकल सेल उन्मूलन के लिए नागरिकों में सावधानियों की जानकारी आत्मसात होना आवश्यक : उप-मुख्यमंत्री

हीमोग्लबिनोपैथी मिशन और एम्बुलेंस सेवा व्यवस्था की उप-मुख्यमंत्री ने समीक्षा की

रीवा। उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने एनएचएम कार्यालय में प्रदेश में हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन की गतिविधियों और एम्बुलेंस सेवा के संचालन की समीक्षा की। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिकल सेल अनीमिया के उन्मूलन के लिए नागरिकों को सावधानियों के प्रति जागरूक और सजग होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिये कि सिकल सेल रोगियों एवं वल्नरेबल क्षेत्र के नागरिकों के बचाव एवं उपचार के लिए संचालित जागरूकता गतिविधियों का मैदानी स्तर पर मूल्यांकन करें। यह सुनिश्चित करें

कि प्रभावित क्षेत्र का हर नागरिक उसे समझे और आत्मसात करे। ताकि सिकल सेल अनीमिया को जड़ से समाप्त किया जा सके।

उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्रदेश के 33 ज़िलों में सिकल मरीज़ों की स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। 59 लाख से अधिक नागरिकों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें 1 लाख 34 हज़ार नागरिक सिकल सेल वाहक और 20 हज़ार 526 सिकल सेल अनीमिया के मरीज़ पाये गये हैं। 32 लाख 37 हज़ार 842 व्यक्तियों को सिकल सेल कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। मरीजों के उपचार एवं प्रबंधन के लिए चिह्नांकित जिलों में 6 से 10 बिस्तरीय एकीकृत उपचार केंद्र स्थापित कर मरीजों को प्रबंधन एवं उपचार के साथ हाइड्रॉक्सीयूरिया, फोलिक एसिड दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। एकीकृत उपचार केन्द्रों में नि:शुल्क एवं रिप्लेसमेंट फ्री एवं सुरक्षित रक्त की सुविधा है। वर्ष 2024-25 में सिकल सेल मरीजों को लगभग 9 लाख 22 हज़ार 500 हाइडॉक्सीयूरिया का वितरण एवं 3 हज़ार 37 यूनिट नि:शुल्क रक्ताधान किया गया है।

उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश में एम्बुलेंस संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की एवं नागरिकों को सुविधाजनक रूप से एम्बुलेंस सेवा प्रदाय के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 9300 हितग्राहियों को एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाती है। जिनमें से लगभग 5000 प्रकरण बेसिक और एडवांस लाइफ सपोर्ट के और लगभग 4200 प्रकरण गर्भवती महिलाओं और बच्चों को एम्बुलेंस सेवा प्रदाय संबंधी होते हैं। शहरी क्षेत्रों में रिस्पांस टाइम 18 मिनट, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रिस्पांस टाइम 25 मिनट है। प्रदेश में 167 एडवांस लाइफ सपोर्ट, 835 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 1059 जननी एम्बुलेंस कुल 2061 एम्बुलेंस वाहन द्वारा सेवा का प्रदाय किया जा रहा है। बैठक में एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास सहित संचालक एनएचएम श्री केके रावत सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

अनुसूचित जाति के 12 पीड़ितों को उपचार सहायता राशि मंजूर

रीवा। अनुसूचित जाति के 12 पीड़ितों को 60 हजार रुपए की उपचार सहायता मंजूर की गई है। प्रत्येक पीड़ित को उपचार के लिए पाँच-पाँच हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में ई पेमेंट के माध्यम से दी जा रही है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर तथा प्रभारी जिला संयोजक अनुसूचित जाति कार्य विभाग पीके पाण्डेय ने बताया कि श्री संतोष साकेत निवासी मैदानी, श्री लालमणि साकेत निवासी मड़वा, शालिनी साकेत निवासी देवगांव, श्री विनोद कुमार साकेत निवासी ग्राम पताई, श्रीमती शिववती साकेत निवासी महिया तथा सीमू साकेत निवासी ग्राम महिया को आर्थिक सहायता दी गई है। इसी तरह श्री रामलौटन साकेत निवासी इटौरा, श्रीमती शीला साकेत निवासी बक्छेरा, श्रीमती आरती साकेत निवासी बक्छेरा, श्री आदर्श साकेत निवासी भोलगढ़, श्रीमती निर्मला साकेत निवासी भोलगढ़ तथा श्रीमती राधा साकेत निवासी बक्छेरा को भी आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

जर्जर भवनों पर कार्यवाही जारी, बिछिया में गिराया गया जर्जर मकान

रीवा। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिले भर में जर्जर भवन चिन्हित करके उन्हें ध्वस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में रीवा शहर में वार्ड क्रमांक 27 में जर्जर भवन गिराया गया। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि रीवा शहर में 24 जर्जर मकान चिन्हित किए गए हैं। इनमें से वार्ड क्रमांक 27 बिछिया थाने के पास महामृत्युंजय काम्पलेक्स के समीप

श्री महमूद खान के जर्जर भवन को नगर निगम की टीम द्वारा गिराया गया। वार्ड क्रमांक 6 में भी जर्जर भवन को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर नगर निगम का दल तथा पुलिस बल तैनात रहा।

कमिश्नर 8 अगस्त को करेंगे स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में 8 अगस्त को प्रातः 11 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद करेंगे। बैठक में स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। मेडिकल कालेज के डीन, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, संभागीय आयुष अधिकारी तथा संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

स्लीमनाबाद टनल का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें : शुक्ल

स्लीमनाबाद टनल कार्य की प्रगति की समीक्षा की

रीवा। उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में स्लीमनाबाद टनल निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने और आवश्यक सावधानियों का पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवासीय क्षेत्र के नीचे टनल निर्माण करते हुए विशेष सावधानी बरती जाये। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्लीमनाबाद टनल निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई थी। बरगी व्यपवर्तन परियोजना प्रोजेक्ट से जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना और रीवा सहित

आसपास के जिलों के कृषकों को सिंचाई और ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। औद्योगिक इकाइयों को भी नहर प्रणाली के माध्यम से जल आपूर्ति होगी। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आम जनता के 100 आवेदन पत्रों में की जन सुनवाई

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आमजनता के 100 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आमजनता के आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करें। आवेदनों का सात दिनों की समय सीमा में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदक को भी आवेदन में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। जन सुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर

पीके पाण्डेय, एसडीएम हुजूर सुश्री वैशाली जैन तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले ने भी आमजनता के आवेदनों पर सुनवाई की।

जन सुनवाई में सुदामा प्रसाद निवासी बैकुण्ठपुर ने संयुक्त खाते की जमीन को अवैध तरीके से पेट्रोल पंप के लिए 30 साल के लीज पर देने की जाँच के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम सिरमौर को प्रकरण की जाँच के निर्देश दिए। अंकित मिश्रा निवासी लौरी नम्बर तीन ने उनकी पुस्तैनी जमीन पर घर बनाने से रोकने तथा अवैध कब्जा करने वालों पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। सुधा कुशवाहा निवासी करहिया नम्बर एक ने उनके पति रामाश्रय कुशवाहा भृत्य शिक्षा महाविद्यालय की मृत्यु पर बेटी को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में विजय तिवारी निवासी बड़ागांव ने खसरा क्रमांक 361 में दर्ज सरकारी जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने अधीक्षक भू अभिलेख को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। आरके राय निवासी सरस्वती सदन बाँसघाट रीवा ने उनके घर के समीप जर्जर मकान को गिराने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। रावेन्द्र द्विवेदी निवासी करहिया ने नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम सिरमौर को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। मनविश्राम कोटवार ग्राम डोल ने लंबित वेतन के भुगतान के लिए आवेदन दिया।

प्रमुख सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिया साइबर तहसील का प्रशिक्षण

रीवा। प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से साइबर तहसील-2 के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रमुख सचिव ने कहा कि पूरे प्रदेश में साइबर तहसील व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसमें अविवादित नामांतरण के प्रकरण 20 दिनों में निराकृत हो रहे हैं। जमीन का बंटवारा होने के बाद समस्त कार्यवाहियाँ ऑनलाइन पूरी की जा रही हैं। पक्षकारों को मोबाइल नम्बर तथा ईमेल के माध्यम से कार्यवाही की जानकारी दी जा रही है। प्रकरण के

संबंध में ई माध्यम से ही पक्षकार आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। पटवारी सारा पोर्टल में वेबजीईएस से ड्राफ्ट नक्शे तैयार कर ऑनलाइन नामांतरण के प्रतिवेदन दे रहे हैं। इसमें यदि नक्शे में बटांकन करना है तो सभी पक्षकारों की सहमति होना आवश्यक है। बंटवारा और नामांतरण होने के साथ ही साइबर तहसील के माध्यम से आदेश का अमल हो जाएगा। इसके लिए पृथक से प्रकरण तैयार करने और आदेश की आवश्यकता नहीं होगी।

प्रमुख सचिव ने कहा कि साइबर तहसील के माध्यम से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तहसीलदार और पटवारी दोनों को बहुत सहूलियत होगी। राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि अभियान के दौरान बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। सभी कलेक्टर और एसडीएम तहसीलों का निरीक्षण करें। तहसीलों में ऑफलाइन दर्ज प्रकरणों को आरसीएमएस में दर्ज कराएं। रीडर की आईडी में दर्ज सभी प्रकरण कार्यवाही के लिए तहसीलदार की आईडी में भेजें। अब आरसीएमएस पोर्टल में प्रकरण रिजेक्ट करने का ऑप्शन नहीं रहेगा। सभी प्राप्त प्रकरण दर्ज होंगे। तहसीलदार सुनवाई के बाद प्रकरण रिजेक्ट कर सकेंगे। प्रमुख सचिव ने संपदा पोर्टल, डिजिटल सर्वे के लिए सर्वेयरों की नियुक्ति तथा रोजगार सहायकों से ई केवाईसी कराने के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा अन्य राजस्व अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

सड़क सुरक्षा की संभागीय समिति की बैठक 8 अगस्त को

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा नीति के तहत गठित संभागीय समिति की बैठक 8 अगस्त को दोपहर 2 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कमिश्नर बीएस जामोद करेंगे। संभाग के सभी परिवहन अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने लापरवाह अधीक्षक को किया निलंबित

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अनुसूचित जाति नवीन बालक छात्रावास बोदाबाग रीवा के अधीक्षक विनोद कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में श्री शर्मा का मुख्यालय जिला संयोजक कार्यालय रीवा रहेगा। श्री शर्मा को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते देय होंगे। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार छात्रावास के विद्यार्थियों द्वारा छात्रावास में विभिन्न अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। शिकायतों की तहसीलदार हुजूर द्वारा जाँच कराई गई जिसमें छात्रावास में कई गंभीर अनियमितता पाई गई। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर अधीक्षक के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई। बोदाबाग छात्रावास के अधीक्षक का प्रभार अस्थायी रूप से राघवेन्द्र त्रिपाठी अधीक्षक जूनियर बालक छात्रावास पड़रा को सौंपा गया है।

रीवा संभाग में अब तक हुई 6.14 लाख हेक्टेयर में फसलों की बोनी

रीवा। रीवा संभाग के सभी जिलों में खरीफ फसल की बोनी का कार्य तेजी से जारी है। खरीफ की मुख्य फसल धान है। किसान धान की रोपाई के लिए अब तक पर्याप्त वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब सभी जिलों में अच्छी बारिश हो गई है इससे धान की रोपाई में तेजी आएगी। संभाग में वर्ष 2024 में खरीफ फसल के लिए 10 लाख 4 हजार 410 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से सर्वाधिक क्षेत्र 7 लाख 18 हजार 210 हेक्टेयर धान का है। संभाग के विभिन्न जिलों में अब तक 6 लाख 14 हजार 290 हेक्टेयर में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। इसमें से धान का कुल रकबा 3 लाख 85 हजार 550 हेक्टेयर है।

इस संबंध में संयुक्त संचालक कृषि जेएस नेताम ने बताया कि सतना, रीवा, मैहर और सिंगरौली जिलों में हाल ही में अच्छी वर्षा से धान की रोपाई में तेजी आएगी। रीवा संभाग में अब तक 7910 हेक्टेयर में ज्वार, 11400 हेक्टेयर में मक्का, 1290 हेक्टेयर में बाजरा, 14130 हेक्टेयर में कोदो-कुटकी की बोनी हो चुकी है। दलहनी फसलों में 54690 हेक्टेयर में अरहर, 22760 हेक्टेयर में मूंग, 68580 हेक्टेयर में उड़द की बोनी हो चुकी है। तिलहनी फसलों में 46220 हेक्टेयर में तिल, 1730 हेक्टेयर में सोयाबीन तथा 50 हेक्टेयर में अन्य तिलहन बोये गए हैं। पानी की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है। अब किसान भाई धान की रोपाई शीघ्र पूरी करें। खरीफ की फसलों में खरपतवार नियंत्रण तथा कीट नियंत्रण के प्रभावी उपाय करें। धान की रोपाई पूरी होते ही संभाग में लक्ष्य के अनुसार क्षेत्राच्छादन पूरा हो जाएगा।

कलेक्टर आज करेंगी जल निगम के कार्यों की समीक्षा

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में 7 अगस्त को प्रातः 11 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल जल निगम के निर्माण कार्यों तथा संचालित नलजल योजनाओं की समीक्षा करेंगी। संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की आज करेंगी समीक्षा

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन के तैयारियों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे से आरंभ होगी। संभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

प्राकृतिक आपदा के सभी प्रकरण तीन दिवस में निराकृत करें

कलेक्टर ने राजस्व अभियान की तहसीलवार समीक्षा की

रीवा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत निर्धारित बिन्दुओं के लंबित राजस्व प्रकरण निराकृत करें। सभी निराकृत प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज कराएं। अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, नक्शा तरमीम तथा अभिलेखों में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। सभी तहसीलदार नियमित रूप से प्रकरणों की सुनवाई करें। पटवारियों की हल्कावार ड्यूटी लगाकर राजस्व प्रकरणों के संबंध में प्रतिवेदन सात दिन की समय सीमा में प्राप्त करें। समय सीमा में प्रतिवेदन न देने वाले पटवारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। नक्शा

तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनका निराकरण करके ऑनलाइन दर्ज करने के लिए प्रत्येक पटवारियों को लक्ष्य दें।

कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान समय सीमा से बाहर हो गए प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। पुराने प्रकरणों के साथ-साथ अभियान के दौरान दर्ज प्रकरण भी निराकृत करें। समय पर कार्यवाही न होने से नए प्रकरण भी समय सीमा से बाहर हो जाएंगे। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरण गुणवत्ता पूर्ण निराकृत करें। पर्याप्त कारण होने पर ही प्रकरण निरस्त करें। बिना ठोस कारण के प्रकरण निरस्त करने पर कार्यवाही की जाएगी। मनगवां, जवा, त्योंथर, सिरमौर और गुढ़ के तहसीलदार नक्शा तरमीम पर विशेष ध्यान दें। किसान सम्मान निधि के ई केवाईसी कराने के लिए पटवारी और रोजगार सहायक की ड्यूटी लगाएं। इनसे प्रतिदिन की प्रगति लेकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने कहा कि बाढ़, अतिवृष्टि, आगजनी, सर्पदंश आदि प्राकृतिक आपदाओं में राहत के प्रकरण तीन दिवस में निराकृत करें। लंबित प्रकरणों में आवश्यक रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण की स्वीकृति के साथ कोषालय में बिल प्रस्तुत कर दें। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलदारों को अतिवृष्टि की स्थिति में नदी-नालों तथा निचली बस्तियों में निगरानी रखने एवं राहत और बचाव की पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने राजस्व महाअभियान की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले तथा सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833